केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्

वार्षिक प्रतिवेदन 2001–2002
परीक्षित लेखा

CENTRAL COUNCIL FOR RESEARCH IN HOMOEOPATHY
SIMILIA SIMILIBUS CURENTUR

(भारतीय चिकित्सा पद्धतियाँ एवं होम्योपैथी विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार)

615532

मुद्रक: युगान्तर प्रकाशन प्रा. लि., मायापुरी, नई दिल्ली - 110 064 दूरभाष: 28115949, 28116018

विषय सूची

प्रमुख आकर्षण 1

प्रशासनिक प्रतिवेदन 7

– संगठन 7

– शासी निकाय 7

– स्थायी वित्तिय समिति 8

– वैज्ञानिक सलाहकार समिति 9

– के.हो.अ.प. पुर्नगठन उपसमिति 9

– साहित्यिक अनुसंधान उपसमिति 9

– के.हो.अ.प. का संगठनात्मक ढांचा 10

– बजट प्रावधान 10

– परिषद में अनुसूचित जाति/जनजाति का प्रतिनिधित्व 11

– के.हो.अ.प. के बाहय/अतरंग रोगी विभागों दवारा चिकित्सा सहायता 11

तकनीकी प्रतिवेदन

नैदानिक अनुसंधान कार्यक्रम 12

अमीबा रूग्णता 13
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

संधि शोथ 15
जनजातीय क्षेत्र में

आचरण दोष 15
सामान्य क्षेत्र में

श्वसनिका दमा 16
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

श्वसनी शोथ 18
जनजातीय क्षेत्र में

ग्रैव अपकशेरूता 18
सामान्य क्षेत्र में

ग्रभाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ 19
सामान्य क्षेत्र में

मधुमेह
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

शिशुदस्त रोग
सामान्य क्षेत्र में

पेचिश
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

अपस्मार (मिरगी रोग)
सामान्य क्षेत्र में

फाइलेरिया
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

जठरशोथ
सामान्य क्षेत्र में

जठरांत्रशोथ
जनजातीय क्षेत्र में

जियार्डिया रूग्णता
सामान्य क्षेत्र में

कृमिरूग्णता
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

जिगर शोथ / यकृतशोथ (वी.)
सामान्य क्षेत्र में

एच.आई.वी. संक्रमण
सामान्य क्षेत्र में

अतिनिम्न घनत्व लाइपोप्रोटीनिमिया
सामान्य क्षेत्र में

उच्च रक्तचाप
सामान्य क्षेत्र में

बांझपन, डी.यू.बी., पी.आई.डी.
सामान्य क्षेत्र में

विरामी ज्वर
सामान्य क्षेत्र में

क्षुब्ध वृहदान्त्र संलक्षण
सामान्य क्षेत्र में

जापानी मस्तिष्कशोथ
सामान्य क्षेत्र में

मलेरिया 36
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

मानव भ्रूण की कुस्थिति 37
सामान्य क्षेत्र में

अतिरज 37
सामान्य क्षेत्र में

अस्थिसन्धिशोथ 38
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

पैप्टिक व्रण 40
जनजातीय क्षेत्र में

अन्तराकशेरूभंश 40
सामान्य क्षेत्र में

पुरस्थ विवर्धन / प्रोस्टेट ग्रन्थि में वृद्धि 41
सामान्य क्षेत्र में

गुर्दा पथरी 42
सामान्य क्षेत्र में

रूमेटाइड संधिशोथ 42
सामान्य क्षेत्र में

नासाशोथ 42
जनजातीय क्षेत्र में

सिक्कल सैल अनीमिया 43
'सामान्य क्षेत्र में

वायुविवरशोथ 44
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

त्वचा विकार 45
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

तुण्डिकाशोथ 46
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

उपरी श्वासनली संक्रमण 47
सामान्य क्षेत्र में

विटिलिगो / प्राथमिक श्वित्र 49
सामान्य क्षेत्र में
जनजातीय क्षेत्र में

* महामारियों के दौरान नैदानिक अनुसंधान
* नैदानिक सत्यापन अनुसंधान कार्यक्रम
* औषध परीक्षण अनुसंधान कार्यक्रम
* औषध अनुसंधान कार्यक्रम
    * औषधीय पादपों का सर्वेक्षण तथा सग्रंहण
    * औषध मानकीकरण
* साहित्यिक अनुसंधान कार्यक्रम
* प्रलेखन तथा पुस्तकालय
* प्रकाशन
* संपन्न परियोजनाँए
* भावी योजनाँए
* के.हो.अ.प. के अधीन संस्थान/इकाईया
* लेखा प्रतिवेदन
* लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र
* लेखा परीक्षित वार्षिक लेखा

प्रमुख आर्कषण

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद की स्थापना भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग के अधीन एक स्वायत संस्थान के रूप में 30 मार्च 1978 को हुई, जिसका उद्देश्य होम्योपैथी में अनुसंधान को सूत्रीबद्ध, समन्वित, विकसित तथा प्रोत्साहित करना है। इसका पूरा व्यय भारत सरकार वहन करती है। आज यह परिषद होम्योपैथी में संगठित अनुसंधान में कार्यरत देश की एक शीर्ष संस्थान है।

यह परिषद अपने लक्ष्यों तथा कार्यों को देश के विभिन्न भागों में स्थित 51 संस्थानों तथा इकाईयों के माध्यम से कार्यान्वित करती है। यह संस्थान तथा इकाईयां होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान कर रहे हैं। सामान्य तौर पर जिसका वर्गीकरण इस प्रकार किया गया है।

(क) नैदानिक अनुसंधान

(ख) औषध परीक्षण अनुसंधान

(ग) नैदानिक सत्यापन अनुसंधान

(घ) औषध मानकीकरण तथा औषध अनुसंधान

(ड.) औषधीय पौधों का सर्वेक्षण, संग्रहण एवं कृषि

(च) साहित्यिक अनुसंधान

विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों के अन्तर्गत इस वर्ष किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण आगे दिया गया है।

परिषद अपने संस्थानों तथा इकाईयों के बहिरंग व अन्तरंग रोगी विभागों के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सुविधांए प्रदान कर रही है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान 7,22,022 रोगियों का उपचार किया गया। इसमें नये तथा पुराने (सामान्य एवं अनुसंधान वाले) दोनों ही प्रकार के रोगी शामिल हैं।

10 अगस्त, 2001 को नई दिल्ली में भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग के संयुक्त सचिव श्री एल. प्रसाद की अध्यक्षता में स्थायी वित्तीय समिति की 37 वीं बैठक रखी गई जिसका उद्देश्य परिषद् द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रस्तावों पर विचार करना था।

10.10.2001 को सचिव (भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्यापेथी विभाग) द्वारा अनुसंधान परिषदों की गतिविधियों के पुनरवलोकन हेतु रखी गई बैठक के कार्यवृत में दिए गए सुझावों के अनुसार परिषद् के निदेशकों द्वारा क्षेत्र इकाईयों के कार्यों के पुनरवलोकन के लिए नियमित बैठकें आयोजित करने की आवश्यकता को व्यवहार में लाया गया।

प्रथम पुनरीक्षण बैठक परिषद् के मुख्यालय, नई दिल्ली में 19–20 नवम्बर, 2001 को आयोजित की गई जिसका उद्देश्य औषध मानकीकरण एवं औषध परीक्षण अनुसंधान कार्यक्रमों की प्रकिया का पुनरवलोकन करना था। इस बैठक में इन अनुसंधान कार्यक्रमों में कार्यरत 13 अनुसंधान कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। अनुसंधान इकाईयों/संस्थानों में अनुसंधान कार्यक्रमों को चलाने में पेश आ रही मुश्किलों पर विचार विमर्श किया गया तथा प्रत्येक इकाई/संस्थान के कार्यों का पुनरवलोकन किया गया। पुनरीक्षण बैठक में कुछ सुझाव रखे गए जिन्हें वैज्ञानिक सलाहकार समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए रखा जाएगा।

व्दितीय पुनरीक्षण बैठक 1 दिसम्बर, 2001 को नैदानिक अनुसंधान इकाई (हो.) चेन्नई में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न संस्थानों/इकाईयों से प्रभारी/कार्यक्रम अधिकारी (विशेषतया प्रशासन एवं लेखा से संबंधित) शामिल थे। के.हो.अ.प. के निदेशक,

सहायक निदेशक (प्रशासनिक), लेखा अधिकारी एवं वरिष्ठ आशुलिपिक, परिषद/मुख्यालय के साथ–साथ परिषद् की दस क्षेत्र इकाईयों से प्रभारी अधिकारियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

तृतीय पुनरीक्षण बैठक 29 जनवरी, 2002 को के.हो.अ.प. के मुख्यालय, नई दिल्ली में संधि विकारों की परियोजनाओं में कार्यरत अनुसंधान कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित की गई। 14 अनुसंधान संस्थानों एवं इकाईयों से अनुसंधान कार्यकर्ताओं ने बैठक में हिस्सा लिया तथा कार्य के संशोधन हेतु आवश्यक परिवर्तनों/मुश्किलों/सुझाावों के बारे में परिषद् के निदेशक एवं के. हो.अ.प. मुख्यालय के कार्यकम अधिकारियों से विचार विमर्श किया।

चतुर्थ पुनरीक्षण बैठक 18 एवं 19 फरवरी, 2002 को होम्योपैथी के राष्ट्रीय संस्थान, कोलकाता में जठरांत्र विकारों से संबन्धित कार्य के पुर्नावलोकन एवं विचार विमर्श हेतु आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न संस्थानों/इकाईयों में इन परियोजनाओं में कार्यरत अनुसंधान कार्यकर्ताओं, के.हो.अ.प. के निदेशक एवं परिषद् के मुखलय में इस परियोजना की देखरेख कर रहे कार्यकम मुख्यालय अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस परियोजना को चला रहे संस्थानों/इकाईयों की प्रगति का पुनरीक्षण किया गया तथा उचित प्रतिवेदन एवं मुख्यालय में समय पर प्रतिवेदन भेजने के लिए कुछ सुझाव/हिदायतें दी गईं।

नैदानिक अनुसंधान

देश भर में फैले 6 अनुसंधान संस्थानों तथा 13 इकाईयों में 27 रोग संबंधी परियोजनाओं तथा 14 औषध संबंधी परियोजनाओं पर नैदानिक अनुसंधान अध्ययन प्रगति पर है। यहां भारतीय जनसाधारण में आम तौर पर होने वाले रोगों तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण रोगों जैसे फाइलेरिया, मलेरिया एवं एच.आई.वी./एड्स पर अध्ययन किया जा रहा है।

फाइलेरिया को एक चिरकालिक मियादी रोग, जिसकी अतिपात्ती तीव्रतांए भी होती है, होने की वजह से लम्बी चिकित्सा तथा अनुवर्तन की आवश्यकता होती है। 2001–02 में 294 रोगियों के अनुवर्तन का मूल्यांकन करने से यह पता चला है कि इस रोग के व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों, विशेषतया अतिपाती रोगियों में बहुत सुधार हुआ है। चिकित्सा द्वारा परिवर्ती स्तर पर पूर्ण रूप से सुधार एक महीने से लेकर साढे पांच सालों में प्राप्त हुआ है। बिना भारी विघ्नकारी परिवर्तन वाले अतिपाती रोगियों में होम्योपैथिक चिकित्सा से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया पाई गई। अतिपाती एवं चिरकारिक दोनों रोगियों में ज्वर, लसीका वाहिनी शोथ एवं लसीकापर्वशोथ में उपचार से लाक्षणिक प्रतिक्रिया मिली। सबसे विलक्षण प्रतिक्रिया लसीका सोफ ग्रेड एक में देखी गई जो 64/82 रोगियों में पूर्ण रूप से लुप्त हो गया एवं 33 में सुधार आया, लसीका सोफ ग्रेड दो 20/60 रोगियों में लुप्त हो गया तथा 18 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार हुआ। हाथीपांव के चिरकालिक रोगियों में प्रतिक्रिया सीमित रही क्योंकि उनमें अपरिवर्तनीय परिवर्तन आ चुके थे। परन्तु अतिपात्ती दौरों में अच्छी खासी कमी पाई गई। फाइलेरिया की दर्दों के साथ–साथ हाथीपांव वाली टांग के चमरोग तथा भारीपन के अहसास से भी राहत मिली और रोगी अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों को पहले से भी बेहतर तरीके से करने के काबिल हो गया। सुधरने वाले रोगियों में (अतिपात्ती तथा चिरकालिक दोनों) रस टाक्स, ब्राओनिया एल्बा, एपिस मेलीफिका तथा सल्फर दवाऐं कारगर रही है। समय–समय पर पुनरावृत होने वाले दौरों को रोकने के लिए चिकित्सा के दौरान मध्यवर्ती एन्टीमियासमेटिक दवाओं की आवश्यकता है। इस वर्ष 14 रोगी जिनमं एम.एफ पाजिटिव पाया गया था, अनुवर्तन के लिए आए, उनमें से 12 में नैदानिक स्तर पर सुधार हुआ तथा केवल 2 रोगियों में माइकोफाइलेरिया लुप्त हो गया।

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम में 1997 से मार्च 2002 तक 95 अपस्मार के रोगियों का अनुवर्तन किया गया। 52 रोगियों में अच्छा खासा सुधार आया (इस अवधि के दौरान कोई पुनरावृति नहीं हुई) जिनमें से 31 रोगी ग्रैड माल, 15 रोगी पेटिट माल, 3 रोगी लाक्षणिक, 1 रोगी जी.ई.टी.सी. एवं 3 रोगी उन्मत आक्षेप के थे। मध्यम सुधार वाले 13 रोगियों में से (इस अवधि के दौरान कम तीव्रता में पुरावृति हुई) 6 रोगी ग्रैंड माल, 5 रोगी पेटिट माल , 1 रोगी लाक्षणिक एवं 1 रोगी जी.ई.टी.सी. के थे तथा ग्रैंड माल के 6 रोगियों में से 4 उपचाराधीन हैं एवं 2 रोगी ज्यों के त्यों हैं, पेटिट माल के 2 रोगियों में निम्न स्तर पर सुधार आया तथा 21 रोगियों की कोई सूचना नहीं मिली। इन रोगियों में जो औषधियां प्रभावकारी रहीं वे इस प्रकार हैं :– हायोसायमस 200, कैल्केरिया कार्बोनिका 200, 1 एम., बैलाडोना 200, नक्स वोमिका 30,200, 1 एम0, नक्स मौसकेटा 1 एम0, जैलसीमियम 30,200, इग्नेशिया 200, 1 एम., अर्जेन्टम नाइट्रिकम 1 एम., कास्टिकम 30, लैकेसिस 30, आर्सेनिकम एल्बम 200 एवं स्ट्रेमोनियम 30।

औषध मानकीकरण ईकाई, हैदराबाद में चल रही उच्चरक्तचाप की परियोजना में यह देखा गया कि पिछले 1 साल से लेकर साल 7 माह से अनुवर्तमन में चल रहे 81 रोगियों, जिनका पूर्व रक्तचाप प्रकुंचन 140 से 190 मि.मि. मरकरी तथा अनुशिथिलन 00 से 110 मि.मी. मरकरी था में से 12 रोगियों का रक्तचाप अब सामान्य श्रेणी में पाया गया है। 54 रोगियों में मूत्र में श्वेतक ाया गया एवं उपचार के पश्चात् 23 रोगियों में यह लुप्त हो गया। 13 रोगियों में से जो होम्योपैथिक औषधियों के साथ एलोपैथिक ौषधियॉ भी ले रहे थे, एलोपैथिक औषधियॉ हटा ली गई हैं एवं 14 रागियों में दवा की मात्रा कम कर दी गई। ब्रायोनिया, ाइकोपोडियम, रावोल्फिया सर्पेन्टीना तथा स्ट्रोफेन्थस आदि एलोपैथिक औषधियॉ प्रभावकारी पाई गईं।

रिषद् ने वर्ष 2001–02 से स्त्रीरोगविज्ञान एवं प्रसूतिविज्ञान विभाग, ई.एस.आई. अस्पताल, बसई दारापुर, नई ल्ली के साथ

संयुक्त रूप से बांझपन, अपक्रियात्मक गर्भाशय रक्तस्त्राव तथा पेडु का शोथयुक्त रोग में अध्ययन प्रारम्भ किया गया है। जिन गियों को उपचार की किसी अन्य विधियों से लाभ नहीं पहुंचा अथवा दुष्कर रोगियों को होम्योपैथिक उपचार के लिए भेजा गया।

बांझपन : बांझपन के 75 रोगी होम्योपैथिक उपचार के लिए भेजे गए इनमें से 47 नियमित रूप से उपचार के लिए आये। पचार के दौरान यह देखा गया कि जो रोगी मासिक धर्म से सम्बन्धित कष्टों जैसे अनियमित मासिक धर्म, बदबूदार अल्पमात्रा रजोधर्म एवं कष्टार्तव, सकष्टसंगम से पीडित थे उन्हें उपचार के एक माह के दौरान अपने कष्टों से मुक्ति मिल गई चाहे वे 3 ह से एक वर्ष तक बांझ रहीं। प्रारम्भ में यह अध्ययन केवल प्राथमिक अज्ञातहेतुक बांझपन के लिए था परन्तु व्दितीय बांझपन भी कुछ रोगी उपचार हेतु भेजे गए। प्राथमिक बांझपन के 6 रोगियों एवं व्दितीयक बांझपन के 2 रोगियों ने 3 महीने से एक र्ष तक चले उपचार के दौरान (निर्दिष्ट होम्योपैथिक दवाओं से) गर्भधारण कर लिया। इनमें से 2 का सामान्य प्रसव हुआ एवं एक ा अन्तर्गभाशयी विकास विलंबन की वजह से शल्यजनन किया गया। 4 रोगियों में गर्भावस्था जारी है तथा एक रोगी का र्भावस्था के प्रथम त्रिमास में गर्भपात हो गया।

श्वसनिका दमा, सिक्कल सैल अनीमिया, अस्थिसंधिशोथ, वायुविवरशोथ, तुण्डिकाशोथ, विभिन्न त्वचा विकारों, विरामी ज्वर यादि में नैदानिक परीक्षण से प्राप्त परिणाम भी महत्वपूर्ण हैं। इन रोगों में होम्योपैथिक औषधियों के एक समूह की (उनके श्वसनीय लक्षणेंा के साथ) पहचान कर ली गई है एवं उन्हें और आगे नैदानिक सत्यापन के लिए रखा जा रहा है।

नजातीय क्षेत्रों में नैदानिक अनुसंधान

सर्वेक्षण के दौरान देश के विभिन्न जनजातीय आंतरनिवासों में सर्वाधिक व्यापक जिन 19 सामान्य रोगों की पहचान की गई , उन पर नैदानिक अनुसंधान इस वर्ष भी जारी रहा। कुछ रोगों जैसे अमीबा–रूग्णता, पेचिश, कृमिरोग, अस्थिसंधिशोथ, साशोथ, श्वसनीशोथ, वायुविवरशोथ इत्यादि में निर्धारित की गई दवाओं के समूह में से सबसे प्रभावकारी दवाओं की पहचान गई है। इन दवाओं के विश्वसनीय लक्षणों की भी पहचान की गई है परन्तु इनका और अधिक नैदानिक प्रमाणीकरण किया रहा है। साइनोडोन डैक्टाइलान, एल्सटोनिया कंस्ट्रिकटा, एटिस्टा इंडिका, फाइकस इंडिका, एमेटिन, होलेर्हिना एन्टीडायसेन्टेरिका ट्रोम्बीडयम अमीबा रूग्णता एवं पेचिश में सबसे प्रभावकारी रही। इनसे सुधरे हुए रोगियां में से 45 प्रतिशत को लाभ पहुंचा। मेरोग में निर्दिष्ट औषधियों में से सैन्टोनिनम, फिलिक्स मास, सिनैपिस एल्बा, चिलॉन, एम्बेलिया राइब्स एवं वैरनोनिया टीहैल्मिनटिका सबसे प्रभावकारी रही तथा इनसे सुधरे हुए रोगियों में से 91 प्रतिशत को लाभ पहुंचा।

षध परीक्षण

औषध परीक्षण अथवा होम्योपैथिक रोगोत्पादक परीक्षण (एच.पी.टी.) इस परिषद की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि है। परिषद ने योपैथिक रोगोत्पादक परीक्षण के लिए डबल ब्लाईंड तकनीक की योजना तथा पूर्वलेख विकसित किया है जिसे अंतरराष्ट्रीय र पर भी स्वीकार किया गया है तथा एच.पी.टी. से लक्षण प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी मानकित किया गया है। इस प्रणाली ान की सफलता का मूल्यांकन रोगजनन परीक्षण के नैदानिक सत्यापन अध्ययन से किया जा सकता है जिसमें कई लक्षण, न पर नुस्खा आधारित होता है, बार–बार सत्यापित हो रहे हैं। परिषद ने अपनी योजना के अन्तर्गत केवल स्वदेशी दवाओं तथा शेक रूप से प्रमाणित दवाओं के परीक्षण पर जोर दिया है। अभी तक ऐसी 62 दवाओं का परीक्षण हो चुका है। इस वर्ष के दौरान

4 कोड की हुई दवाओं (2 लम्बी अवधि के परीक्षण कोड नं. 68,69 तथा 2 कम अवधि के परीक्षण कोड नं. 58 एवं 74) का पू पूर्ण किया गया है। कोड नं. 65,67 वाली 2 औषधियों का दीर्घकालीन परीक्षण एवं कोड नं. 71 का लघु परीक्षण इस वर्ष वि औषध परीक्षण इकाईयों में दूसरी बार प्रारमी किया गया। इन औषधियों का संकलन प्रगति पर है। कोरनुअस सरसिनेटा ट्री टैरेसट्रिस तथा ओसिमम सैकटम के परीक्षण आंकड़ों का संकलन कर लिया गया है ताकि इसे केन्द्रीय होम्योपैथिक अनु परिषद की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए रखा जा सके। बाकि दवाओं के परीक्षण आंकड़ों का सं अभी चल रहा है।

नैदानिक सत्यापन

65 औषधियों की लाक्षणिकी का नैदानिक सत्यापन किया जा रहा है ताकि उनके सबसे विश्वसनीय लक्षणों, जिन के आ पर नुस्खा लिखा जाता है, तथा सबसे प्रभावकारी पौटेंसियों को स्पष्ट किया जा सके। उन्हीं औषधियों का अध्ययन किया जा है जिनका या तो के.हो.अ.प. द्वारा अपने औषध परीक्षण केन्द्रों पर परीक्षण हो चुका है अथवा जो आंशिक रूप से प्रमाणित है। से ज्यादातर स्वदेशी मूल की है। इस वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम में कार्यरत संस्थानों/इकाईयों में 18,120 रोगी अनुसंधा अंतर्गत पंजीकृत किए गए। इन औषधियों के नैदानिक सत्यापन आंकडों का प्रचार समय–समय पर के.हो.अ.प. की त्रैमा पत्रिका/के.हो.अ.प. समाचार में प्रकाशित करके अथवा सम्मेलनों, सेमिनारों तथा कार्यशिविरों के माध्यम से किया जाता है त इन्हें व्यवसाय में इस्तेमाल किया जा सके।

औषध अनुसंधान

1. औषध मानकीकरण

औषधियों के विभिन्न गुणात्मक लक्षणों के अध्ययन के लिए एक बहुआयामी अभिगम, जिसमें भेषज अभिज्ञान, रासायनिक तथा भेषज गुणविज्ञान के पैरामीटर सम्मिलित है, को शामिल किया गया है। इस वर्ष में 8 औषधियों के भेषज अभि तथा 6 औषधियों के भौतिक रासायनिक मानदण्ड निर्धारित किए गए है। भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग द्वा नियत की गई सूची के अनुसार डैटाबेस के लिए औषधीय पौधों की जानकारी के अंतर्गत क्यूमिनम साइमिनन एवं अन्य के में एकत्रित जानकारी का संकलन किया जा रहा है।

2. औषधीय पादपों का संग्रहण, सर्वेक्षण तथा कृषि

उद्यागमंडलम (ऊटी), तमिलनाडू में स्थित इकाई सर्वेक्षण के पश्चात औषधीय पादपों की पहचान तथा संग्रहण करके अपरिष्कृत नमूने मानकीकरण अध्ययन करने वाले संस्थानों/इकाईयों को भेजती है। इस वर्ष इस इकाई ने उद्भिज संग्रह के 165 क्षेत्र संख्याओं का संग्रहण किया, जिससे चालू क्षेत्र संख्या बढकर 7,509 हो गई, 153 क्षेत्र संख्याओं की पहचान एवं प्रमाणित किया गया तथा 11 अपरिष्कृत औषधीय पादम सामग्री मानकीकरण अध्ययन के लिए भेजी गई। इसके अतिरिक्त के लिए तथा होम्योपैथी में प्रयोग होने वाले औषधीय पादपों (विशेषतया विदेशी) की लघु स्तर पर कृषि के लिए तमिलनाडु से पट्टे पर ली गई 12.7 एकड़ भूमी पर एक औषधीय पादप उद्यान विकसित किया जा रहा है। सिनरेरिया मैरिटिमा, डिजी परप्यूरिया, एकिलिया मिलिफोलियम सैनटोलिना कैमेसाईपैरिसस, वायला आडोरेटा, रोसामैरिनस ओफिसिनैलिस, सेन्टेला एशि तथा सिल्विया ओफिसिनैलिस का नियमित रोपण, छटांई, नर्सरी, उगाना, अनुरक्षण तथा रखरखाव किया जा रहा है। प्रदर्शन–भू पर उपजाए गये 10 पौधों के जननद्रव्य के संग्रह की भी देखमाल की जा रही है तथा बृहत् स्तर पर उनकी कृषि के लिए निष्पादन का अध्ययन किया जा रहा है।

साहित्यिक अनुसंधान

साहित्यिक अनुसंधान कार्यक्रम में परिषद् ने "कैन्ट (कुन्जली) की रैपर्टरी का पुनरवलोकन एवं संशोधन–अन्य कार्यों के में बोरिक रैपर्टरी से कैन्ट रैपर्टरी में अभिवर्द्धन" परियोजना के अन्तर्गत कैन्ट की रैपर्टरी को संशोधित करने का उत्तरदायित्व लि है। अभी तक 15 अध्यायों का संशोधन तथा प्रकाशन किया गया है। इस परियोजना पर और आगे कार्य परिषद् की वैज्ञा सलाहकार समिति के विचाराधीन होने की वजह से नहीं किया जा रहा है।

प्रकाशन

परिषद् ने एक "कम्पैन्डियम आफ रिसर्च पेपर्स" प्रकाशित किया है जो केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् के जारी अनुसंधान कार्यक्रमों पर परिषद् के वैज्ञानिकों द्वारा लिखे गए निबंधों में से कुछ चुनिन्दा निबंधों का संकलन है जिसे परिषद् की त्रैमासिक पत्रिका के विभिन्न अंकों तथा अन्य होम्योपैथिक पत्रिकाओं (भारतीय एवं विदेशी दोनों) में प्रकाशित किया जा चुका है। "होम्योपैथी आन वेब" एक चौपन्ना भी प्रकाशित किया गया। यह चौपन्ना केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के वैबसाइट पर दिए गए विषयवस्तु की रूपरेखा को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त 'मलेरिया के उपचार एवं रोकथाम', 'होम्योपैथी मिथक एवं तथ्य', 'होम्योपैथी का समष्टि उपगम', 'मोतियाबिंद का होम्योपैथी द्वारा उपचार' तथा 'मातृ एवं शिशु देखभाल' चौपन्नों का भी पुनःप्रकाशन किया गया है।

'सी.सी.आर.एच. – ए बर्डस आई व्यू' के संशोधित अनुवाद को भी प्रकाशित किया गया। इस वर्ष में के.हो.अ.प. की त्रैमासिक पत्रिका के अंक 23 (1 एवं 2) तथा (3 एवं 4) और के.हो.अ.प.समाचार के 28वें अंक को प्रकाशित किया गया। "रूमटॉइड संधिशोथ के रोगियों के जीवन स्वरूप को सुधारने में होम्योपैथी की भूमिका" कार्यशाला मे प्रस्तुत किए गए कुछ लेख भी व्यवसाय में इस्तेमाल के लिए त्रैमासिक पत्रिका के अंक 23 (3 एवं 4) में प्रकाशित किए गए।

सेमिनारों/कार्यशिविरों/प्रदर्शनियों का आयोजन

केन्द्रीय होम्योपैथीक अनुसंधान परिषद् ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से प्राप्त वित्तीय अनुदान से अपने मुख्यालय, जनकपुरी, नई दिल्ली में 10 से 12 सितम्बर, 2001 तक "रूमेटाईड संधिशोथ के रोगियों के जीवन स्वरूप को सुधारने में होम्योपैथी की भूमिका" र तीन दिन की कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में 63 लोगों ने हिस्सा लिया जिनमें के.हो.अ.प. के वैज्ञानिक, दिल्ली प्रशासन के दवाखानों से चिकित्सा अधिकारी, विभिन्न होम्योपैथिक महाविधालयों से शिक्षक वर्ग तथा गैर सरकारी चिकित्सक शामिल थे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रोगनिदान तथा विशेषतया होम्यापैथी द्वारा देखभाल से सम्बन्धित नवीनतम उन्नति के बार में आधुनिकतम जानकारी का प्रसार करना था।

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् ने 27 सितम्बर, 2001 को नई दिल्ली में "सैमिनार आन डिवलिंग एन इन्टरएक्शन बिटवीन सी.सी.आर.एच. एन्ड द होम्योपैथिक फार्मेसियूटिकल इन्डस्ट्री " का आयोजन किया। इस दो दिन के सेमिनार का आयोजन के.हो.अ.प. द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन से प्राप्त वित्तीय अनुदान से किया गया। इस सेमिनार में होम्योपैथिक औषधीय उद्योग के 25 प्रतिनिधियों/अध्यक्ष/सी.ई.ओ. को मिलाकर 80 लोगों ने हिस्सा लिया। यह सेमिनार अपने आप में प्रथम एक ऐसा सेमिनार था जिसमेकं के.हो.अ.प. के वैज्ञानिक , के.हो.प. के अधिकारी, शिक्षक वर्ग एवं उधागपती एक समान प्लेटफार्म पर होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली के विकास के लिए निरंतर संवाद स्थापित करने के लिए तथा ऐसे क्षेत्र जहां के.हो.अ.प. एवं उधोग सहयोग दे सकें, उनके बारे में समझने एवं विचार विमर्श करने के लिए मिले। हिस्सा लेने वालों से प्राप्त पुनर्निवेशन के अनुसार यह सेमिनार सफल रहा। यद्यपि यह अपने आप में इस प्रकार का प्रथम सेमिनार था तथा केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद में उधोग का अनुसंधान की आवश्यकताओं और राष्ट्र एवं समाज के भविष्य की अपेक्षाओं की वास्तविकता से एक तरह का परिचय था। इस सेमिनार की इससे अधिक और सफलता क्या हो सकती थी कि होम्योपैथिक औषधीय उधोग ने राज्यों में उधोग संस्थाओं की गतिविधियों को समन्वित करने के लिए एक समान मंच–फेडरेशन आफ होम्योपैथिक मॅन्यूफैक्चरर्स आफ इंडिया का निर्माण किया जिसकी नींव इस सेमिनार में रखी गई। परिषद् के अनुसधान कार्यकताओं ने विभिन्न होम्योपैथिक संगठनों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलनों/सेमिनारों/कार्य– शालाओं में भाग लिया तथा परिषद् की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर वैज्ञानिक लेख प्रस्तुत किए गए।

स्वास्थ्य मेले

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारत के विभिन्न राज्यों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागों एवं भारतीय चिकित्सा पद्धतियों एवं होम्योपैथी विभागों के साथ संयुक्त भागादारी में स्वास्थ्य मेले आयोजित करने की योजना बनाई जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय जनसंख्या पालिसी के प्रचार एवं समर्थन को सुधारने के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों अंतर्गत प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य, एच.आई.वी./एडस, मलेरिया उन्मूलन, नेत्रहीनता नियंत्रण, कुष्ठरोग एवं तपेदिक एवं इन सबके

आगे पीछे के संबंधों के अंतर्गत बढती जानकारी को प्रोत्साहन **देना था**। के.हो.अ.प. ने जिन मेलों में ।हिस्सा लिया उनलका विव
इस प्रकार हैः–

15 एवं 16 सितम्बर, 2001 को बादल गांव (पजाब), 2 से 8 अक्टूबर, 2001 को स्वदेशी मेला, इंदौर, 30 अक्टूबर से 2 नवंब 2001 को गाजीपुर (उत्तर प्रदेश), 21 से 24 दिसम्बर, 2001 को नजफगढ, दिल्ली, 27 जनवरी से 5 फरवरी, 2002 को संग इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश), 8 से 10 मार्च, 2002 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मेला, रियासी, उदमपुर (जम्मू कश्मीर), 22 से 2 दिसम्बर, 2001 को नौतन्वा, जिला महाराजगंज (उत्तर प्रदेश) में स्वस्थ दिवस, 7 से 12 फरवरी, 2002 को स्वदेशी आरोग्य मे नई दिल्ली, 15 से 18 मार्च, 2002 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मेला, मथुरा (उत्तर प्रदेश)। मेले में बहुत बडी संख्या में लो आए तथा उन्होंने के.हो.अ.प. द्वारा जी जा रही मुफत चिकित्सा एवं दवा वितरण की सुविधाओं का लाभ उठाया। परिषद द्वा होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाशित साहित्य भी सामान्य जनता की जानकारी के लिए मुफत बांटा गया।

प्रदर्शनियां

15 से 18 दिसम्बर, 2001 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आरोग्य 2001, भारतीय चिकित्सा, होम्योपैथी एवं स्वास्थ्य देखभा की सबसे पहली ऐसी व्यापक प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्या मंत्रालय एवं इंडियन ट्रेड प्रमोशन आर्गेनाईजेशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आयुर्वे यूनानी, सिद्ध, योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं होम्योपैथी द्वारा स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जानकारी देना एवं इसे विकसित कर था तथा इन प्रणालियों की वैज्ञानिकता को दर्शाते हुए इस धारणा को दूर करना था कि ये रहस्यात्मक विज्ञान है। यहां इ पद्धतियों के श्रेष्ठ विशेषज्ञों/चिकित्सकों द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी पर जनता के लिए व्याख्यान दिए ग जिनका उद्देश्य आम जनता को इन पद्धतियों की क्षमता एवं जिन क्षेत्रों में, यह जनता के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पू कर सकती हैं अथवा मदद कर सकती हैं, के बारे में जानकारी देना था। होम्योपैथी में डा. दीवान हरीश चन्द, उपाध्यक्ष, शा निकाय, के.हो.अ.प. ने 'एडस एवं होम्योपैथी' पर तथा डा.जुगल किशोर, सदस्य, शासी निकाय, के.हो.अ.प. ने 'माई एडवेन्चर्स इ होम्योपैथी' पर व्याख्यान दिए जिसे जनता की बहुत अच्छी प्रतिकिया मिली। के.हो.अ.प. ने भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपै विभाग के मूल विषय मण्डप में भी प्रदर्शन किया। मण्डप में बाहयरोगी चिकित्सा परामर्श के लिए दो कक्ष भी लगाए गए।

बजट

वर्ष 2001–2002 में योजना के अंतर्गत परिषद् का वास्तविक व्यय 388.46 लाख तथा योजनातेर के अंतर्गत 398.70 ला था।

निदेश
के.हो.अ

प्रशासनिक प्रतिवेदन

संगठन

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को सोसाइटीज राजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 का इक्कीसवां के अंतर्गत की गई थी, जिसके मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

1. होम्योपैथी में वैज्ञानिक पद्धति पर अनुसंधान के उद्देश्य और प्रणाली तैयार करना।
2. होम्योपैथी में कोई अनुसंधान या अन्य कार्यक्रम शुरू करना।
3. अनुसंधान का परिचालन तथा सहायता करना, रोगों के कारणों, फैलने के तरीकों और उनके निवारण के संबंध में सामान्य ज्ञान और प्रयोगात्मक उपायों का प्रचार करना।
4. होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं मूलभूत एवं अनुप्रयुक्त दोनों में, वैज्ञानिक अनुसंधान प्रारंभ करना, उसकी सहायता, विकास और समन्वय करना तथा रोगों के अध्ययन, उनके निवारण, कारणों और उपचार आदि के लिए अनुसंधान संस्थानों को बढ़ावा एवं सहायता करना।

31 मार्च, 2002 को समाप्त हुई समीक्षाधीन अवधि के दौरान परिषद् की सोसाइटी और शासी निकाय की सदस्यता इस प्रकार है :

शासी निकाय

पुर्नगठित शासी निकाय के सदस्य निम्नलिखित हैं :

1.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नई दिल्ली।	–	अध्यक्ष
2.	डा. दिवान हरिश्चन्द्र, 1, हनुमान लेन, नई दिल्ली।	–	उपाध्यक्ष
3.	सचिव (भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो. पद्धति) या उनका भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथिक पद्धति विभाग, नई दिल्ली।	–	सदस्य
4.	संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।	–	सदस्य
5.	डा0 बी0 एन0 चक्रवर्ती 5, सुबोल कोले लेन, हावडा (पश्चिम बंगाल)	–	सदस्य

6.	डा0 जुगल किशोर, 86, गोल्फ लिंकस, नई दिल्ली।	–	सदस्य
7.	डा. वी.टी. आगस्टीन 401, मंदाकिनी एन्कलेव, अलकनन्दा, नई दिल्ली।	–	सदस्य
8.	डा. एम0 पी0 आर्य, ओबराय हाउस, प्रथम तल, 67/2, नल स्टॉप, कार्वे रोड, पुने–411 004 (महाराष्ट्र)	–	सदस्य
9.	डा. रवि एम0 नायर, आरामम, कलादी, कर्माना, पोस्ट आफिस तिरूवन्नतपुरम (केरल)	–	सदस्य
10.	डा. उर्मिला थाटे, 167–एफ, डा0 अम्बेडकर रोड, दादर मुंबई–400 014 (महाराष्ट्र)।	–	सदस्य
11.	प्रो. ए0के0 भटनागर, बोटनी विभाग, दिल्ली विश्वविधालय, दिल्ली।	–	सदस्य
12.	डा0 सी0 अरूमुगम, नं0 70, पोर्तुगेस चर्च गली, चेन्नई – 600 001 (तामिल नाडु)।	–	सदस्य
13.	निदेशक, राष्ट्रीय होम्योपैथिक संस्थान, ब्लाक– जी0ई0, सैक्टर–II, साल्ट लेक, कलकत्ता–700 016 (पश्चिम बंगाल)	–	सदस्य
14.	डा. आर. शॉ, निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली।	–	सदस्य सचिव

शासी निकाय, परिषद् के कार्यों की प्रगति का अवलोकन तथा वैज्ञानिक सलाहकार समिति तथा स्थायी वित्त समिति अनुमोदित नयी योजनाओं की स्वीकृति, वार्षिक बजट प्रावधान इत्यादि का पुनरीक्षण करती है।

स्थाई वित्तीय समिति

1.	भारतीय चिकित्सा पद्धति के संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।	–	अध्यक्ष
2.	संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।	–	सदस्य

3.	डा. वी0टी0 अगस्टीन, 401, मन्दाकिनी एन्कलेव, अलकनन्दा, नई दिल्ली।	–	सदस्य
4.	डा. आर. शॉ, कार्यभारी निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली।	–	सदस्य सचिव

परिषद् द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रस्तावों पर विचार विमर्श करने के लिए स्थायी वित्तीय समिति की 37 वीं बैठक 10 गस्त, 2001 को नई दिल्ली में श्री0 एल0 प्रसाद, संयुक्त सचिव, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग के अध्यक्षता ं हुई।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

पहली वैज्ञानिक सलाहकार समिति का कार्यकाल मई, 2000 में पूरा हो गया है तथा नई वैज्ञानिक सलाहकार समिति का ठन होना है अतः वर्ष 2001–2002 में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की कोई भी बैठक नहीं पाई है।

न्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् के पुर्नगठन के लिये उपसमिति

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् के चालू अनुसंधान कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक संरचना का पुर्नविलोकन करने के ये जुलाई, 1997 में परिषद् के पुर्नसंगठन के लिये एक उपसमिति का गठन किया गया जिसके सदस्य निम्नलिखित हैं :

1.	सचिव (भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो. पद्धति विभाग), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।	–	अध्यक्ष
2.	संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।	–	सदस्य
3.	डा. के.पी. मजूमदार, मुंबई।	–	सदस्य
4.	डा. वी.के. गुप्ता, नई दिल्ली।	–	सदस्य
5	डा. आर. शॉ, कार्यभारी निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली।	–	सदस्य सचिव

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् पुर्नगठन उपसमिति की 5वीं, 6ठीं तथा 7वीं बैठकें 9 जुलाई 1999, 23 जुलाई 1999 ा 20 अक्टूबर 1999 क्रमशः को सचिव (भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो पद्धति) के कक्ष, नई दिल्ली में की गई।

साहित्यिक अनुसंधान उपसमिति

वर्ष 2001–02 के दौरान साहित्यिक अनुसंधान उपसमिति की कोई भी बैठक नहीं हो सकी क्योंकि उपसमिति का कार्यकाल , 2000 में पूरा हो चुका था तथा वैज्ञानिक सलाहकार समिति के विचार करने तक परियोजनाओं पर कोई भी कार्य नहीं चल ा है।

संगठनात्मक नेटवर्क

परिषद् के अंतर्गत 51 इकाईयों/संस्थानों जिसमें 21 इकाईयाँ आदिवासी क्षेत्रों में स्थित है, में अनुसंधान कार्य चल

– केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान	1	कोट्टायम (केरल)।
– होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान	1	लखनऊ (उ.प्र.)।
– क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान	3	नई दिल्ली, मुंबई (महाराष्ट्र), गुड़िवाड़ा (आन्ध्र प्र
– होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान	2	पुरी (उड़ीसा), जयपुर (राजस्थान)।
– नैदानिक अनुसंधान इकाई	13	भोपाल (म.प्र.), वाराणसी (उ.प्र.), बहादुरगढ़ (ह, पटियाला (पंजाब), शिमला (हि.प्र.), उड्डुपी (क, पोर्टब्लेयर (अंडमान एवं निकोबार), तिरूपति, गोरखपुर (उ.प्र.), गोहाटी (आसाम), चैन्नई (तमि, इम्फाल (मणिपुर), जम्मू (जम्मू व कश्मीर)।
– नैदानिक अनुसंधान इकाई (जनजातीय क्षेत्र)	21	अगरतला (त्रिपुरा), एजावल (मिजोरम), भरमौर, भारूच (गुजरात), थोबल (मणिपुर), दण्डेली (क, दीमापुर (नागालैण्ड), डिफू (आसाम), गंगटोक (सि, इद्दूकी (केरल), ईटानगर (अरूणाचल प्रदेश), (म.प्र.), जैपोर (उड़ीसा), लेह (जम्मू व कश्मीर), (तमिलनाडु), रांची (बिहार), सेलम (तमिलनाडु), (उड़ीसा), शिलांग (मेघालय), सिलिगुडी (प.ब.), विजयवाढ़ा (आंध्र प्रदेश)।
– होम्योपैथिक उपचार केन्द्र	1	सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली।
– औषध परीक्षण इकाई	3	कलकत्ता (प. बंगाल), मिदनापुर (प. बंगाल), गाजियाबाद (उ.प्र.)।
– औषध मानकीकरण इकाई	2	गाजियाबाद (उ.प्र.), हैदराबाद (आ.प्र.)।
– चिकित्सा सत्यापन इकाई	3	गाजियाबाद (उ.प्र.), पटना (बिहार), वृंदावन (उ.प्र
– औषधीय पादप का सर्वेक्षण एवं संग्रहण इकाई	1	ऊटी (तमिलनाडु)।

बजट प्रावधान (लाखों में)

	वास्तविक व्यय 2000–01	बजट अनुमान 2001–02	संशोधित व्यय 2001–02	वास्तविक व्य 2001–02
योजना	342.20	400.00	400.00	388.46
आयोजना–भिन्न	377.50	400.00	395.30	398.70
योग	719.17	800.00	795.30	787.16

* प्राप्तिकाओं का उपयोग तथा अग्रिम धन का समायोजन शामिल है।

परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व एवं उनके लिए कल्याणकारी कार्य:–

परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जातियों/जनजातियों के आरक्षण तथा प्रतिनिधित्व के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों एवं निर्देशों का पालन किया जा रहा है। भर्ती/पदोन्नति रोस्टर सूत्रों के अनुसार की जाती है, परिषद् में 31.3.2002 तक कार्यरत अनुसूचित जाति/जनजातीय तथा अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों की संख्या इस प्रकार है:

अनुसूचित जाति	–	91
अनुसूचित जनजाति	–	22
अन्य पिछड़े वर्ग	–	49

वर्ष 2000–01 में नैदानिक अनुसंधान द्वारा चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना

परिषद् ने अपने विभिन्न इकाईयों एवं संस्थानों में बहिरंग रोगी विभाग एवं अंतरंग रोगी विभागों में अनुसंधान के ज़रिये से चिकित्सा सहायता प्रदान करना जारी रखा है। इय चर्ष के दौरान बहिरंग रोगी विभाग एवं अंतरंग रोगी विभागों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है।

(क) सामान्य क्षेत्रों में :

1. सामान्य बहिरंग रोगियों की संख्या :
   - नये पंजीकृत रोगियों की संख्या — 86,108
   - पुराने रोगियों की उपस्थिति — 2,14,795

   योग — 3,00,903
2. अनुसंधान के अंतर्गत रोगियों की संख्या'

   बहिरंग रोगी विभाग :
   - नये पंजीकृत रोगी — 2,901
   - उपस्थित हुए पुराने रोगी — 9,255

   योग — 12,156'

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में :

1. सामान्य बहिरंग रोगियों की संख्या — 2,51,033
2. अनुसंधान के अंतर्गत रोगियों की संख्या — 3,356''

(ग) रोगी जो नैदानिक सत्यापन इकाईयों में उपचारित किये गये :

1. बहिरंग रोगियों की संख्या — 1,70,134
2. अनुसंधान के अंतर्गत रोगियों की संख्या — 18,120''

कुल रोगियों की संख्या जिनका उपचार किया गया — 7,22,070

' (क) 1 के अंतर्गत शामिल रोगी।

'' (ख) 1 एवं (ग) के अंतर्गत शामिल रोगी।

नैदानिक अनुसंधान कार्यक्रम

नैदानिक अनुसंधान कार्य परिषद् द्वारा सामान्य एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्थापित इकाईयों / संस्थानों में जारी है एवं ... एवं चिरकारी रोगों में चिकित्सीय मूल्यांकन किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य समस्याएँ जैसे कि फाईलेरिया / मलेरि... आई.वी. / एड्स, मधुमेह शामिल है।

(क) सामान्य क्षेत्रों में नैदानिक अनुसंधान कार्यक्रम

दो प्रकार के अध्ययन, औषधोन्मुखी एवं रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान के अंतर्गत जारी हैं। छः अनुसंधान संस्था... नैदानिक अनुसंधान इकाईयों तथा एक नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदिवासी) में कुल 39 विषयों पर अनुसंधान कार्य ज... (जिनमें 28 रोगोन्मुखी एवं 11 औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान शामिल हैं)। औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद की ... इकाई में भी यह कार्य जारी है।

रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

इस अनुसंधान का उद्देश्य है कि एक रोग विशेष अवस्था में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का अध्ययन तथा... विश्वसनीय लक्षणों, पोटेन्सी तथा औषध सेवन की खुराक मात्रा एवं अन्य औषधियों से संबंध ज्ञात करना। निम्नलिखि... अवस्थाओं में यह अनुसंधान कार्य जारी है।

अमीबाएसिस, आचरण दोष, मंदबुद्धि बच्चों में आचरण दोष, श्वसनिका दमा, गर्भाश्य ग्रीवा शोथ एवं अपरदन, शिशु द... पेचिश, अपस्मार, फाईलेरिया, आमाशय शोथ, जियार्डिएसिस, जिगर शोथ बी., एच.आई.वी. संक्रमण, अति निम्नधनत्व लाइप्रोटी... उच्च रक्तचाप, विरामी ज्वर, रक्ताल्पता, क्षुब्ध वृहदान्त संलक्षण, मलेरिया, अस्थि संधि शोथ, प्रोस्टेट ग्रन्थि में वृद्धि, गुर्दा... रूमेटाइड संधि शोथ, सिक्कल सैल अनीमिया, साईनुसाइटिस, त्वचा रोग (एलर्जिक त्वचा शोथ, अर्टिकेरिया) एवं तुण्डिका...

औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

रोगोन्मुखी अध्ययन के अंतर्गत प्रभावकारी औषधियों की पहचान के बाद उनके निर्दिष्ट लक्षणों की पहचान भी की जा... इन आंकड़ों की संपुष्टि हेतु औषधोन्मुखी अनुसंधान कार्य किया जा रहा है। कई अन्य औषधियाँ भी ज्ञात है जो अंग वि... प्रभावकारी होती हैं या जो पारंपरिक रूप से विशेष रोग अवस्था में प्रभावकारी पाई गई हैं। यह औषधियाँ भी इस अध्ययन में ... हैं। औषधोन्मुखी अध्ययन निम्नलिखित रोग अवस्थाओं में जारी है।

अमीबाएसिस, ग्रैव अपकशेरुता, गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ, मधुमेह, फाईलेरिया, जापानी एन्सैफलाईटिस, , कृमि... मानव भ्रूण की कुस्थिति, अतिरज, अस्थि संधि शोथ एवं विटिलिगो।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में नैदानिक अनुसंधान

सर्वेक्षण से ज्ञात 18 सामान्य रोग अवस्थाओं में, 20 आदिवासी चिकित्सा इकाईयों में औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधा... जारी है। होम्योपैथिक मेटीरिया मेडिका में कई औषधियों का दुःष्प्रभाव एवं रोगसाध्यक क्षमता का उद्धरण है। इनमें कुछ औ... का प्रयोग काफी कम है परन्तु पारंपरिक रूप से प्रभावकारी ज्ञान होने के कारण इनकी चिकित्सीय संपुष्टि आवश्यक है। इ... 18 विभिन्न रोग अवस्थाओं में इन औषधियों पर अध्ययन जारी है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य निर्दिष्ट औषधियों के विश... लक्षणों को ज्ञात करना है।

निम्नलिखित रोग अवस्थाओं में चिकित्सीय अध्ययन देश के विभिन्न भागों में स्थित आदिवासी इकाईयों में जारी...

अमीबाएसिस, अस्थि संधि शोथ, श्वसनिका दमा, श्वसनी शोथ, गर्भाशय ग्रीवा शोथ एवं अपरदन, मधुमेह, पेचिश, फाईलेरिया, ...ठरांत्र शोथ, कृमिरूग्णता, विटिलिगो, मलेरिया, अस्थि संधि शोथ, पेप्टिक अल्सर, नासा शोथ, त्वचा रोग, साईनुसाईटिस, ...ण्डिका शोथ।

1. अमीबाएसिस / अमीबा–रूग्णता

...क) सामान्य क्षेत्रों में :

...) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

एमीबाएसिस रोग पर अनुसंधान का कार्य, नैदानिक अनुसंधान इकाई, तिरूपति (1982–83) से चल रहा है।

...र्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये
रोगियों की संख्या	45

...धार अनुक्रमणिका

आरोग्यता / अभिसाधित	01
सुधार :	
– अति	02
– मध्यम	19
– अल्प	12
उपचाराधीन	11

...लोकन

लगभग सभी रोगी अमीबा पेचिश (आंत्र एमीबिएसिस)से पीड़ित थे। औषधियाँ नक्स वोमिका 30, 200, 1 एम., एलोज ...कोटरिना 30, 200, एवं लाईकोपोडियम 30, 200, 1 एम. अमीबा रूग्णता के लक्षणों एवं चिन्हों में सुधार लाने में सहायक सिद्ध ...हैं एवं इन्होंने इस रोग के लक्षणों से मुक्त करवाने में बहुत सहायता की है। कुछ रोगियों में एन्टअमीबा हिस्टोलिटिका कृमिकोष ...तरह से लुप्त हो गया। इन रोगियों में लाइकोपोडियम, सल्फर एवं पल्सैटिला मध्यवर्ती दवाओं के रूप में प्रभावकारी पाई गई। ...निक सलाहकार समिति के सुझावानुसार यह परियोजना तिरूपति स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाई में जारी रहेगी तथा इसे ...ल 2000 से गुवाहाटी स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाई से हटा लिया गया है।

...औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का अमीबाएसिस में चिकित्सीय मुल्यांकन :

एकैरिन्थिस एस्पैरा, ईगल फोलिया, ईगल मार्मिलोस, आर्सनिकम एल्बम, एटिस्टा इंडिका, सिन्कोना आफिसिनेलिस, कोलचिकम, ...लोसिन्थिस, साएनोडोन डैक्टाईलोन, होलेर्हिना एन्टीडायसैन्टेरिका, इपिकाकुन्हा, मर्क्युरियस कोरोसिवस, मर्क्युरियस सोल्युब्लिस, ...न वोमिका एवं सल्फर

नैदानिक अनुसंधान इकाई, पोर्टब्लेयर (1989 से) एवं नैदानिक अनुसंधान इकाई, गुवाहाटी (1985 से) में इस परियोजना पर ... चल रहा है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	78	13
सुधार अनुक्रमणिका		
सुधार :		
– अति	61	03
– मध्यम	06	10
असूचित	02	--
उपचाराधीन	09	--

अवलोकन

पंजीकृत रोगी अमीबा–पेचिश के हैं। नियत की हई दवाऐं एमीबिएसिस के व्यक्तिनिष्ठ एवं वस्तुनिष्ठ लक्षणों को ... में बहुत प्रभावकारी पाई गई हैं। यह देखा गया है कि देशी दवाइयां जैसे ईगल फोलिया, एटिस्टा इंडिका, एवं ... एन्टीडायसैन्टरिका से लाभ पहुचां है एवं एटिस्टा इंडिका चिरकालिक एमीबिएसिस में सबसे अधिक प्रभावकारी पाई गई। ... एवं 5 पुराने रोगियों में 2–3 महीनों में, 10 नये एवं 4 पुराने रोगियों में 3–6 महीनों में किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं ... 22 नये एवं 2 पुराने रोगियों मकं कम तीव्रता में पुनरावृति हुई। 11 रोगी, जिनमें एन्टअमीबा हिस्टोलिटिका सिरट पाया ... उपचार के पश्चात 9 रोगियों में वह लुप्त हो गया। यह परियोजना जारी रहेगा।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में :

एमीबिएसिस में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मुल्यांकन :

एल्स्टोनिया कन्सट्रिक्टा एम्ब्रोसिया, एस्क्लेपियास टयुब्रोसा, एटिस्टा इंडिका, साएनोडोन डैक्टाईलोन, एमेटिन ... इंडिका, हेलीबोरस, होलेरहिना एण्टीडाइसैन्टेरिका (कुर्ची), लैप्टेण्डरा, रेफनस, ट्रोम्बीडियम, जैन्थोजाईलम, जिंकम सल्फ...

नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदि.) अगरतला, डन्डेली, दीमापुर, गंगटोक, ईटानगर, जैपोर तथा खोगजोम में इस प... पर कार्य हो रहा है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

इस समय के दौरान 475 नये रोगियों का पंजीकरण किया गया और नियत की गई दवाऐं 321 रोगियों में प्रभाव... गई। इन रोगियों में परिवर्ती मात्रा में सुधार पाया गया।

अवलोकन

नियत की गई दवाओं में से साइनोडोन डैक्टाइलान, एल्सटोनिया कंस्ट्रीकटा, एटिस्टा इंडिका, फाइकस इंडिका, ... एमेटिन एवं कुर्ची अत्याधिक प्रभावकारी पाई गई है। ये दवायें सुधरे हुए रोगियों में से 92 प्रतिशत रोगियों में लाभकारी ... इन दवाओं के विश्वसनीय लक्षणों की और अधिक जांच की जा रही है।

2. संधि शोथ

...) आदिवासी क्षेत्रों में

संधिशोथ पर निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक रूप से मूल्यांकन करना :

एक्टिया स्पाईकेटा, एन्गयुस्चूरा वेरा, कलकेरिया फलोरिकम, कोलोफाईलम, फार्मिका रूफा, फार्मिक एसिड, गोलथेरिया, ...कम लिथियम कार्बोनिकम, मैग्नोलिया ग्रेन्डीफलोरा, मलेरिया आफिसिनेलिस, मेडोरिनम, ओस्टियोओर्थराईटिस नोसोड, रेडियम ...टम, रैमनस कैलिफोरनिका तथा स्टेलेरिया मीडिया, एक्स रे।

नैदानिक अनुसंधान इकाईयों (आदिवासी) अगरतला, भरमौर, भरौच, डान्डेली, इडुकी, जगदलपुर, लेह एवं सिलीगुड़ी में इस योजना पर कार्य हो रहा है।

2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	--	253
लाभान्वित रोगियों की संख्या	--	150

...लोकन

इस वर्ष के दौरान एक्टिया स्पाईकेटा, एन्गयस्चूरा वेरा, कोलोफाईलम, फार्मिका रूफा, मैगनोलिया ग्रेन्डिफलोरा, रेडियम ...टम एवं स्टेलेरिया मीडिया प्रभावकारी पाई गई। सुधरे हुए 8 रोगियों में मैडोराइनम मध्यवर्ती दवाओं के रूप में कारगर रही।

3. व्यवहार जन्य विकृतियाँ / आचरण दोश

सामान्य क्षेत्रों में

रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम (केरल) में व्यवहारजन्य विकृतियों में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता के ...ांकन का अध्ययन किया जा रहा है।

2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष के दौरान संस्थान में विभिन्न,मानसिक–विकृतियों के 212 रोगी पंजीकृत किए गए। इनमें से 135 रोगियों में परिवर्ती ... पर सुधार हुआ।

342 पुराने रोगी अनुवर्तन के लिए उपस्थित हुए। इनमें से 19 रोगी अभिसाधित हुए, तथा 134 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर ...र हुआ।

...लोकन

आचरण दोषों पर यह परियोजना हनिमैन दवारा किए गए मानसिक विकृतियों के वर्गीकरण के आधार पर प्रारम्भ की गई ...ं पंजीकृत रोगियों का वर्गीकरण भी इसी के अनुसार किया जा रहा है। ऐसा देखा गया है कि भावनात्मक मनोविकृतियों के ...यों में सुधार की दर दूसरी मानसिक बीमारियों की तुलना में ज्यादा है। इसकी तुलना में खंडित मनस्कता के रोगियों में सुधार ...र कम है। बैलाडोना, पल्सेटिला, इग्नेशिया, फासफोरस, सीपिया, नैट्रम म्यूरैटिकम, स्ट्रैमोनियम, सल्फर एवं टयूबरक्यूलाइनम ...कारी पाई गई है। यह परियोजना जारी रहेगी।

4. श्वसनिका दमा

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने 1979 में यह परियोजना श्वसनिका दमा में होम्योपैथिक दवाओं की क्षमता का मूल्यांकन एवं जांच करने के आरम्भ की। सबसे प्रभावकारी दवाओं (उनके विश्वसनीय लक्षणों के साथ) की पहचान की गई। परन्तु 1996–97 से के.हो.अ. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में दिये गये सुझावो के अनुसार इस परियोजना में किंचित परिवर्तन कर दिया गया है अब हनीमैन की धारणा पर आधारित निम्नलिखित विषयों पर अध्ययन किया जा रहा है।

- मियाज्मैटिक पृष्ठभूमि का पता लगाना
  नैदानिक अनुसंधान इकाई, शिमला तथा क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडिवाडा।
- सतत् अवस्था वाले दमा में उपयोगी होम्योपैथिक औषधियों का पता लगाना
  क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडिवाडा.।
- मौसम–परिवर्तन के दौरान और अधिक बीमार हो जाने वाले रोगियों के लिए होम्योपैथिक औषधियों का पता ल
  नैदानिक अनुसंधान इकाई, उडूपी तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, पटियाला।
- एलोपैथिक दवाओं पर निर्भरता कम करने के लिए होम्योपैथिक औषधियों की खोज करना
  नैदानिक अनुसंधान इकाई, शिमला, नैदानिक अनुसंधान इकाई, उडूपी, तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, पटि

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	147	115
सुधार अनुक्रमणिका		
अभिसधित	---	---
सुधार :		
– अति	29	48
– मध्यम	39	46
– अल्प	47	15
असंशोधित	01	02
असूचित	13	---
उपचाराधीन	16	02
छोड दिए गए	12	02

अवलोकन

यह अवलोकित हुआ है कि 08 नए रोगियों एवं 08 पुराने रोगियों में किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं हुई तथा 52 न 61 पुराने रोगियों में बहुत कम तीव्रता में पुनरावृति हुई।

मौसम परिवर्तन के दौरान प्रभावकारी पाई गई औषधियाँ – आर्सेनिक एल्बम, काली कार्बोनिकम, नैट्रम सल्फ्यूरिकम, हिपर ल्फ्यूरिस, टयूबरक्यूलाइनम, कार्बो वेजीटेबिलिस, लैकेसिस, नक्स वोमिका, फासफोरस एवं पल्सेटिला।

एलोपैथिक एवं अन्य औषधियों पर निर्भरता कम करने में प्रभावकारी पाई गई औषधियाँ – अमोनियम कार्बोनिकम, आर्सेनिकम ल्बम, एंटीमोनियम टार्टेरिकम, काली कार्बोनिकम, काली म्यूरियाटिकम, सैंबुकस नाइगरा, सल्फर, फासफोरस, पल्सैटिला, किसिस, सीपिया तथा हिपर सल्फ्यूरिस कैल्केरियम।

निम्नलिखित रोगियों में एलोपैथिक दवाओं की मात्रा कम कर दी गई अथवा बंद कर दी गई।

	एलोपैथिक दवाओं की मात्रा	रोगियों की संख्या		
		उपचार पूर्व कमी हुई	उपचार के पश्चात्	समाप्त
1.	पफ	21	---	07
2.	मुख से (श्वसनी विस्फारक)	21	---	14
3.	प्रतिएलर्जी	12	05	---
4.	कास रोधी	05	---	05
5.	प्रति जैविकी	12	---	10
6.	स्टीरोएड	03	---	02
7.	जिन्हें उपचारपूर्व आक्सीजन थैरेपी एवं दवाओं के लिए हस्पताल मे दाखिल होने की आवश्यकता पडी।	13	---	09
	अन्य उपचार			
1.	नासा फुहार	05	---	03
2.	एस्थेलिस से नेबुलाइजेशन	01	---	01

ए एवं पुराने (अनुवर्तन में चल रहे) रोगियों के आंकड़े शामिल है।
यह आंकडे नैदानिक अनुसंधान ईकाई, शिमला में किए गए अध्ययन पर आधारित हैं।

ब) आदिवासी क्षेत्रों में

श्वसनिका दमा में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का चिकित्सीय रूप से मूल्यांकन करना :

एम्ब्रोसिया आर्टिमिसिफोलिए, कैलेडियम, कैसिया सोफेरा, कोका, ग्रिंडेलिया रोबस्टा, हाइड्रोसायनिक एसिड, काली ोरिकम, मोस्कस, नाज़ा ट्रिपुडियंस, पोथोस फिटिडस।

यह परियोजना डंडेली एवं लेह स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में जारी है।

र्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	:	31
लाभान्वित रोगियों की संख्या	:	24

अवलोकन

नैदानिक अनुसंधान ईकाई, लेह से किसी रोगी की सूचना नहीं मिली।

पोथेस, एम्ब्रोसिया, तथा ग्रिंडेलिया सबसे ज्यादा प्रभावकारी औषधियाँ रहीं।

5. श्वसनी शोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

श्वसनी शोथ में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए परिषद् ने अप्रैल, 2001 से नैदानिक अनु ईकाई, गुवाहाटी में अनुसंधान अध्ययन प्रारम्भ किया है।

इस परियोजना के अंतर्गत इस वर्ष 50 रोगी पंजीकृत किए गए। यह देखा गया है कि निर्दिष्ट औषधियों में से आ डल्कामारा, हिपर सल्फ, कास्टीकम एवं रस टाक्स अतिपाती दौरों को नियंत्रित करने में लाभकरी रहीं। यह परियोजना रहेगी।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

श्वसनी शोथ में निम्नलिखित औषधियों की चिकित्सीय प्रभावकारिता का मूल्यांकन :

अमोनिएकम, डिरोनिया, एण्टीमोनियम आयोडेटम, युकैलिप्टस, जस्टीशिया एधाटोडा, काली आयोडेटम, लोबेलिया इन्फ्ले लुफ्फा आपेकुलेटा, सेनेगा, सोलेनम एसिटिकम।

यह अध्ययन नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदिवासी), गंगटोक तथा जैपोर में जारी है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	:	86
लाभान्वित रोगियों की संख्या	:	13

अवलोकन

श्वसनी शोथ के लिए नियत दवाओं में से सेनेगा, काली आयोडेटम, एवं एन्टीमोनियम आयोडेटम सबसे अधिक प्रभाव पाई गई। इन दवाओं के अधिकतर सूचन लक्षणों की पहचान कर ली गई है तथा उनकी जांच की जा रही है। परन्तु इसकी अ अधिक नैदानिक पुष्टीकरण की आवश्यकता है।

6. ग्रैव अपकशेरुता

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का ग्रैव अपकशेरुता में नैदानिक मूल्यांकन :

कैल्केरिया फ्लोरिकम, सिमिसिफ्यूगा, ग्वैकम, काली कार्बोनिकम, फाइटोलाका, रस टाक्स एवं स्टिक्टा पल्मोनेरिया।

नैदानिक अनुसंधान इकाईयों, पटियाला तथा उडुपी में अगस्त 1997 से इस परियोजना पर कार्य हो रहा है।

र्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	17	13
सुधार अनुक्रमणिका		
अति सुधार	––	05
मध्यम सुधार	––	02
अल्प सुधार	10	06
असूचित	04	––
छोड दिए गए	01	––
उपचाराधीन	02	––

वलोकन

यह देखा गया है कि ग्रैव संधियों की दर्द सूजन, अकड़न तथा चक्करों को नैदानिक रूप से बहुत कम समय में सफलतापूर्वक यंत्रित कर लिया गया (कुछ रोगियों में लुप्त भी हो गए)। परन्तु विकृति के साथ इसके परस्पर संबंधों की जानकारी अभी वश्यक है क्योंकि अध्ययन की अवधि तथा अध्ययन किए जा रहे रोगियों की संख्या अभी बहुत कम है। इन रोगियों में मिसिफ्यूगा, कल्केरिया फलोरिकम तथा रस टॉक्स प्रभावकारी पाई गई। यह परियोजना अभी जारी है।

7. गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ

) सामान्य क्षेत्रों में

) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने यह परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई, शिमला में अप्रैल 1989 से, नैदानिक अनुसंधान इकाई, इम्फाल में अप्रैल 89 से तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, तिरूपति में नवंबर 1988 से शुरू की है।

र्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	81	45
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अभिसाधित	––	30
– अति सुधार	07	08
– मध्यम सुधार	22	27
– अल्प सुधार	36	09
असंशोधित	02	01
असूचित	11	––
उपचाराधीन	02	––
छोड दिए गए	01	––

अवलोकन

अध्ययन की प्रक्रिया के दौरान यह देखा गया कि निर्दिष्ट होम्योपैथिक दवाओं जैसे आर्सेनिक एल्बम, बोरैक्स, क्रियोसो
लैकिसिस, सिपिया तथा पल्सैटिला आदि ने न केवल गर्भाशय ग्रीवा शोथ एवं अपरदन से सम्बन्धित व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनि
लक्षणों जैसे श्लेष्मपूयाव स्त्राव, संभोग के पश्चात रक्तस्त्राव, पीठ दर्द, सकष्टसंगम, बारम्बार मूत्रण एव गर्भाशयग्रीवा रक्तसंकुल
में राहत पहुंचाने में बल्कि उन्हें समाप्त करने में भी बहुत सहायता की है। रोगियों के सामान्य स्वास्थ्य मे सुधार आया जो कि रो
में हीमोग्लोबिन प्रतिशत, 1 रोगी में इ.एस.आर. के स्तर, 2 रोगियों में डिफरेन्शियल कांउट, 37 रोगियों में अपरदन साधारण च
के लुप्त होने, 2 रोगियों में अंकुरकवत् अपरदन के लुप्त होने से विदित था। नये तथा पुराने 4 रोगियों में किसी भी कष्ट
पुनरावृति नहीं पाई गई तथा 49 रोगियों में कम तीव्रता से पुनरावृति हुई। यह परियोजना अभी जारी है।

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का नैदानिक मूल्यांकन :

एल्यूमिना, आर्सेनिकम एल्बम, बोरैक्स, कैल्केरिया कार्बोनिका, काली कार्बोनिकम, क्रिओजोट, लैकिसिस, मर्क्युरियस सोलुबिलि
नैट्रम म्युरियाटिकम, पल्सैटिला तथा सेपिया।

नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), तिरूपति 1995 से तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), वाराणसी 1990 से
परियोजना पर कार्य कर रही हैं।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	79	31
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति	18	07
– मध्यम	21	17
– अल्प	32	05
असंशोधित	01	02
असूचित	07	––

अवलोकन

इस वर्ष के दौरान बोरैक्स, नैट्रम म्युरियाटिकम, कैल्केरिया कार्बोनिक तथा सिपिया व्यापक सुधार के साथ–साथ व्यक्तिनि
तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों से राहत पहुंचाने में सबसे प्रभावकारी औषधियां रही। निर्दिष्ट दवाओं के कुछ विश्वसनीय लक्षणों की
पुष्टि की गई परन्तु पुनःपुष्टिकरण के लिए उनके प्रमाणीकरण की आवश्यकता है। नये तथा पुराने रोगियों को मिला कर 25 रोगि
में किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं पाई गई तथा 17 रोगियों में कम मात्रा में पुनरावृति हुई। यह परियोजना जारी रहेगी।

8. मधुमेह

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

मधुमेह में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का नैदानिक मूल्यांकन :

सिफेलैण्डरा इंडिका, रहस ऐरोमेटिका तथा चियोनैन्थस।

परिषद् ने यह परियोजना क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में अप्रैल 1987 से, नैदानिक अनुसंधान इकाई, चेन्नई में अप्रैल 1989 से तथा औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद विस्तार इकाई में जुलाई 1992 से शुरू की है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	129	121
(क) सिफलेण्डरा इंडिका से	61	41
(ख) रस एरोमेटिका से	12	07
(ग) शियोनेन्थस से	08	10
(ध) कोई दवा नहीं (बंद कर दी गई)	––	01

केवल सूचित रोगियों से संबन्धित

सुधार अनुक्रमणिका

			नये	पुराने
1.	(क)	केवल होम्योपैथिक औषध से उपचारित (सिफलैण्डरा)	49	21
		लाभान्वित	47	18
		उपचाराधीन	––	––
	(ख)	होम्योपैथी के साथ–साथ एलोपैथिक उपचार	10	20
		लाभान्वित	09	16
		उपचाराधीन	04	––
2.	(क)	केवल होम्योपैथिक औषध से उपचारित (रस एरोमैटिका)	09	06
		लाभान्वित	07	05
		उपचाराधीन	––	––
	(ख)	होम्योपैथी के साथ–साथ एलोपैथिक उपचार	23	44
		लाभान्वित	02	35
		उपचाराधीन	––	––
3.	(क)	केवल होम्योपैथिक औषध से उपचारित (शियोनेनथस मदर टिंक्चर)	04	05
		लाभान्वित	03	04
		उपचाराधीन	––	––
	(ख)	होम्योपैथी के साथ–साथ एलोपैथिक उपचार	04	05
		लाभान्वित	04	03
		उपचाराधीन	––	––

अवलोकन

पंजीकृत किए गए अधिकांश रोगी इंसुलिन पर निर्भर नहीं करने वाले मधुमेह से पीडित हैं। 24 पुराने रोगी औषध मानकी इकाई, हैदराबाद में बाहयस्नायु रोग के साथ उपस्थित हुए, उनमें से 12 में सुधार आया जो 24 पुराने रोगी सवहनी रोग (आंतरा क्लाडीकेशन) से पीडित थे, उनमें से 12 में अनुवर्तन के दौरान सुधार पाया गया। 25 पुराने रोगियों में मूत्र में श्वेतक पाया एवं उपचार के उपरांत 16 रोगियों में वह लुप्त हो गया, 2 पुराने रोगियों में क्रियात्मक शोफ पाया गया एवं उपचार के पश्चात रोगी में सुधार आया, 5 पुराने रोगियों में भगशोथ एवं लिंगमुण्डशोथ पाया गया तथा 2 रोगियों में अनुवर्तन के बाद सुधार आ क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में आने वाले 101 रोगियों में से 38 रोगी एलोपैथी दवा डायनिल ले रहे थे, जो धीरे-धी हटा ली गई अथवा उपचार के पश्चात बंद कर दी गई। यह परियोजना जारी है।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

मधुमेह में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक मूल्यांकन :

एब्रोमा आगस्टा, सिफैलेण्डरा इंडिका, चिमाफिला अम्बेलेटा, चियोनैन्थस, ग्लिसराईनम, इन्सुलिन, इनूला, लैक डिफ्लोरे लैक्टिक एसिड, साइजिजियम जैम्बोलेनम, थायरोएडिनम एवं यूरेनियम नाइट्रिकम।

यह परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदिवासी), पांडिचेरी, सेलम एवं विजयवाड़ा में चल रही है।

वर्ष 2001–202 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	–	178
लाभान्वित रोगियों की संख्या	–	26

अवलोकन

इस परियोजना में निर्दिष्ट औषधियों में से सिफैलेण्डरा इंडिका, चिमाफिला अम्बेलैटा, सिजियजियम जैम्बोलेनम त यूरेनियम नाईट्रिकम प्रभावकारी पायी गई।

इसमें नैदानिक अनुसंधान ईकाई (आदिवासी) विजयवाडा के आंकडे गलत प्रतिवेदन की वजह से शामिल नहीं किए ग

9. शिशु दस्त रोग

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने अगस्त 1997 से, होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर में, बच्चों में दस्त की बीमारी में होम्योपैथिक औषधि की प्रभावकारिता पर एक अध्ययन योजना शुरू की है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	41	25
सुधार अनुक्रमणिका :		
अभिसाधित	15	18
सुधरे हुए		
– अति	19	13
– अल्प	07	04

अवलोकन

33 रोगियों में उपचार की अवधि के दौरान किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं देखी गई। एथ्यूजा 30, कैल्केरिया फास 30, कैमोमिला 30, इपिकाक 30 तथा पोडोफाईलम 30 व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों में राहत पहुंचाने में सबसे प्रभावकारी रही। नये तथा पुराने रोगियों के मिला कर उपचार के दौरान 33 रोगी अभिसाधित हुए। यह परियोजना जारी है।

10. पेचिश

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

अप्रैल 1988 से, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) गुडिवाड़ा में पेचिश में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का चिकित्सीय मूल्यांकन करने के लिए परिषद् द्वारा एक अध्ययन शुरू किया गया है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	50	100
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	05	42
– मध्यम सुधार	09	34
– अल्प सुधार	13	19
उपचाराधीन	20	05
असूचित	03	—

अवलोकन

अध्ययन किए गये सभी रोगी अमीबा पेचिश के थे। निर्दिष्ट होम्योपैथिक दवाऐं व्यक्तिनिष्ठ/वस्तुनिष्ठ लक्षणों में राहत पहुंचाने में तथा अतिपाती दौरे को नियंत्रित करने में बहुत सहायक रही हैं। रोगात्मक जांच दोहराने पर देखा गया कि 10 नये एवं 66 पुराने रोगियों में हीमोग्लोबिन बढ़ गया, 02 नये एवं 15 पुराने रोगियों में ई.एस.आर. सामान्य स्तर पर आ गया तथा 10 नये एवं 69 पुराने रोगियों में एन्ट अमीबा हिस्टोलिटिका कृमिकोष लुप्त हो गया। नक्स वोमिका, कार्बो वेज, लाईकोपोडियम तथा सल्फर चिरकालिक रोगियों में प्रभावकारी रही तथा अतिपाती रोगियों में मरक्यूरियस सोलुबिलिस और एलोसोकोट्रिना ने सर्वोतम परिणाम दिखाए। यह परियोजना जारी रहेगी।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

पेचिश रोगियो में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक मूल्यांकन:

एल्सटोनिया कंस्ट्रीक्टा, एम्ब्रोसिया, एस्कलेपियास ट्यूब्रोसा, एटिस्टा इंडिका, साइनोडोन डैक्टाइलोन, एमेटिन, फाइकस इंडिका, हेलेबोरस, होलर्हेना एंटिडाइसेंटेरिका, लेप्टेण्डरा, सिल्फियम, रेफेनस, ट्रोम्बिडियम, जैन्थोसाइलम तथा जिंकम सल्फ्यूरिकम।

नैदानिक अनुसंधान इकाइयाँ (आदिवासी), ऐजवाल, भारूच, लेह, शिलोंग, विजयवाड़ा तथा सिलिगुडि में इस परियोजना पर कार्य चल रहा है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	–	331
लाभान्वित रोगियों की संख्या	–	207

* लेह एवं विजयवाडा के आंकडे गलत प्रतिवेदन की वजह से शामिल नहीं किए गए।

अवलोकन

भारतीय औषधियां यानि साइनोडोन डैक्टाइलोन (दूब घास), एटिस्टा इंडिका (वानिंबु), फाइकस इंडिका तथा हो एण्टीडायसैण्टेरिका (कुरची) आदि भारतीय औषधियाँ लाभान्वित रोगियों में से 51 प्रतिशत में प्रभावकारी रहीं। इनके अ ट्रोम्बिडियम, एल्सटोनिया कंस्ट्रिक्टा, तथा एमेटिन भी 47 प्रतिशत लाभान्वित रोगियों में प्रभावकारी रही। यह परियोजना रहेगी।

11. मिरगी रोग / अपस्मार

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम में 1980 से तथा क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, गुडि (आंध्र प्रदेश) में अप्रैल, 1988 से यह परियोजना शुरू की है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	47	40
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	12	04
– मध्यम सुधार	18	06
– अल्प सुधार	02	29
असूचित	06	—
उपचाराधीन	07	01
असंशोधित	02	—

अवलोकन

होम्योपैथिक दवाओं ने न केवल मिरगी रोग से संबधित व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों में राहत पहुंचाने में बल्कि समाप्त करने तथा उनके दौरों की अवधि, प्रबलता व प्रायिकता को कम करने में भी बहुत सहयोग दिया है। मिरगी रोग स्ट्रेमोनियम, क्यूपरम मेटैलिकम, नैट्रम म्यूरिएटिकम, नैट्रम सल्फयूरिकम तथा पल्सैटिला की चिकित्सीय प्रभावकारिता देखी ग उपचार के दौरान 17 रोगियों में से किसी में भी मिरगी के दौरों की पुनरावृति नहीं हई परन्तु इससे अधिक अनुवर्तन की आवश्य

है। 1997 से 2002 तक केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम में 95 रोगियों का अनुवर्तन किया गया। अच्छे खासे सुधार वाले 52 रोगियों (इस अवधि में इन रोगियों में कोई पुनरावृति नहीं हुई) में से 31 रोगी ग्रैडमाल,15 रोगी पेटिट माल, 3 रोगी लाक्षणिक, एक रोगी जी.ई.टी.सी. तथा 3 रोगी उन्मत आक्षेप के थे। मध्यम सुधार वाले 13 रोगियों में से (इन रोगियों में इस अवधि के दौरान कम तीव्रता में पुनरावृति हुई) 6 रोगी ग्रेड माल, 5 रोगी पेटिट माल,एक रोगी लाक्षणिक एवं एक रोगी जी.ई.टी.सी. के थे तथा ग्रेंडमाल के 6 रोगियों में 4 उपचाराधीन हैं एवं 2 रोगी ज्यों के त्यों हैं, पेटिट माल के 2 रोगियों में निम्न स्तर पर सुधार हुआ है। इस अवधि में 21 रोगियों की कोई सूचना नहीं मिली। इन रोगियों में जो

औषधियां प्रभावकारी रहीं, वे इस प्रकार हैं : हायोसायमस 200, कैल्केरिया कार्बोनिका 200, 1 एम0, बैलाडोना 200, नक्स वोमिका 30,200, 1 एम, नक्स मोस्केटा 1 एम0, जैल्सीमियम 30,200, इग्नेशिया 200, 1 एम0, अर्जेन्टम नाईट्रिकम 1 एम0, कास्टिकम 30, लैकेसिस 30, आर्सेनिकम एल्बम 200 तथा स्ट्रैमोनियम 30। यह परियोजना अभी जारी है।

12. फाइलेरिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

नैदानिक अनुसंधान इकाई तिरूपति में 1980 से फाइलेरिया पर रोगोन्मुखी अनुसंधान शुरू किया गया है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	58	60
सुधार अनुक्रमणिका :		
अभिसाधित	..	12
– अति सुधार	06	14
– मध्यम सुधार	12	12
– अल्प सुधार	21	15
कोई सुधार नहीं	06	07
उपचाराधीन	08	—
असूचित	05	—

अवलोकन

रहस टॉक्सीकोडेंड्रोन तथा ब्रायोनिया एल्बा ने कई रोगियों में न केवल फाइलेरिया से संबंधित कष्टों से राहत पहुचाने में बल्कि उन्हें लुप्त करने में तथा आवेगी दौरों की तीव्रता को कम करने में भी बहत सहयोग दिया है। लसीका शोफ की प्रांरभिक अवस्था में विशेषतया दाबगर्तक किस्म चिकित्सा से वशवर्ती है तथा अदाबगर्तक किस्म, हाथीपांव, लसीका शोथ में मात्र कुछ सीमा तक सुधार आया जो निम्नलिखित सारणी से विदित है। यह परियोजना जारी है।

वस्तुनिष्ठ लक्षणों का मूल्यांकनः

	उपचार से पूर्व	उपचार के पश्चात (लुप्त हो गए)	कम [illegible]
लसीका शोफ ग्रेड – I	14	05	[illegible]
लसीका शोफ ग्रेड – II	32	07	[illegible]
लसीका शोफ ग्रेड – III	06	–	[illegible]
लसीकापर्व विकृति	47	26	[illegible]
लसीका वाहिनी शोथ	34	26	[illegible]

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

फाइलेरिया में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावोत्पादकता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

एपिस मेलिफिका, बैलाडोना, ब्रायोनिया एल्बा, लाइकोपोडियम, मर्क्यूरियस सोल्युब्लिस, नैट्रम म्युरियाटिकम, प[...] रोहडोडेण्ड्रान, रहस टॉक्सीकोडेण्ड्रोन तथा सल्फर।

यह परियोजना होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, पुरी में 1981 से तथा क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडिवाड़ा में 1985 [...] जारी है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	530	397
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अभिसाधित	08	05
– अति सुधार	05	65
– मध्यम सुधार	23	116
– अल्प सुधार	25	80
कोई सुधार नहीं	03	50
उपचाराधीन 437	54	
असूचित	18	11
बदत्तर	11	16

अवलोकन

फाईलेरिया एक चिरकालिक आवर्ती रोग है जिसमें अतिपाती तीव्रताऐं आती रहती है, इसे लम्बे उपचार एवं अनुव[...] आवश्यकता होती है। वर्ष 2001–02 के दौरान अनुवर्तन के लिए आए 294 रोगियों के मूल्यांकन से यह पता चलता है कि [...] के व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों विशेषतया अतिपाती रोगियों में, बहुत सुधार आया है। 1 माह से से 5.6 वर्ष तक चले [...] के दौरान परिवर्ती स्तर पर सुधार पाया गया.। बिना किसी विघ्नकारी परिवर्तन वाले अतिपाती रोगियों में होम्योपैथिक उप[...] अच्छा प्रभाव पड़ा। ज्वर, लसीकावाहिनी शोथ एवं लसीकापर्वशोथ में अतिपाती एवं चिरकालिक दोनों प्रकार के रोगियों में [...]

से लाक्षणिक प्रतिक्रिया मिली। सबसे विलक्षण प्रतिक्रिया लसीका शोफ ग्रेड एक में देखी गई जो कुछ रोगियों में पूर्ण रूप से लुप्त हो गया एवं 33 रोगियों में सुधार आया तथा लसीका शोफ ग्रेड दो 20/60 रोगियों में लुप्त हो गया तथा 18 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार आया। हाथी पांव वाले चिरकालिक रोगियों में अपरिवर्तनीय बदलावों की वजह से उपचार का प्रभाव सीमित रहा परन्तु अतिपाती दौरों के कई मामलों में उल्लेखनीय कमी पाई गई। फाईलेरिया की दर्दों के साथ–साथ हाथीपांव वाली टांग के चमडीरोग एवं भारीपन के एहसास से भी राहत मिली तथा रोगी अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों को पहले से बेहतर तरीके से करने के काबिल हो गया। सुधरे हुए रोगियों को (अतिपाती एवं चिरकालिक दोनों) रस टाक्स, ब्रायोनिया एल्बा, एपिस मेलिफिका तथा सल्फर से लाभ पहुंचा है। समय–समय पर पुनरावृत होने वाले दौरों को रोकने के आंतरायिक एन्ओीमियासमेटिक दवा की आवश्यकता रहती है। चालू वर्ष के दौरान 14 रोगी, जिनमें माइक्रोफाइलेरिया पाया गया था, अनुवर्तन के लिए आए, इनमें से 12 में नैदानिक स्तर पर सुधर आया एवं 2 रोगियों में माईक्रोफाइलेरिया लुप्त हो गया। क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडिवाडा में व्यक्तिनिष्ठ एवं वस्तुनिष्ठ लक्षणों के सुधर आने के साथ–साथ विकृतिजन्य प्रतिवेदन भी सामान्य हो गया।

	रोगियों की कुल संख्या	
	उपचार पूर्व अंसामान्यता	उपचार उपरांत सामान्यता के सीमा में
रक्त		
1. इयोसिनरागी – कोशिका बहुलता	64	13
2. उदासीनरागी – कोशिका बहुलता	36	15
3. उदासीनरागी – कोशिकाल्पता	48	11
4. लसीकाकोकशिका बहुलता	66	19
5. श्वेतकोशिका बहुलता	77	25
6. ई.एस.आर. (बढा हुआ)	48	19
मूत्र जांच		
1. श्वेतक (एलब्यूमिन)	39	13
2. पूयकोशिका	51	18
3. उपकलापरक कोशिका	47	15

वाटर मैथड के उत्प्लावन से एवं टेप मैथड से लिए गए शोफज आयतन के माप का विस्तृत विवरण, बार–बार लिए गए उनके सुधार सूचकों के साथ दिया गया तथा इन दोनों विधियों से पाठयांकों में कंचित परिवर्तन के साथ शोफ में कमी देखी गई। त्रुटियां टालने के लिए दोनों में से न्यूनतर पाठयांक अंतिम परिणाम के रूप में लिया गया।

	नये	पुराने
दांयी टांग का शोफ	27	40
सुधार		
अति	––	05
मध्यम	07	08
निम्न	09	10
बदत्तर	07	08
असंशोधित	01	01
असूचित	02	04
राहत	01	04

बायीं टांग का शोफ	41	42
सुधार		
अति	04	03
मध्यम	10	12
निम्न	07	19
बदत्तर	04	04
असंशोधित	01	—
असूचित	09	04
राहत	05	—
उपचाराधीन	01	—

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

फाइलेरिया में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन करना :

एपिस मेलिफिका, बैलाडोना, ब्रायोनिया एल्बा, लाइकोपोडियम मर्क्यूरियस सोलुबिलिस, माइक्रोफाइलेरिया, नैट्रम म्युरियाटि- रोडोडेंड्रोन, कॉडिड औषधि।

यह परियोजना चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदिवासी), राँची में जारी है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष में फाईलेरिया के 69 नये रोगी पंजीकृत किए गए तथा 22 रोगियों में परिवर्ती स्तर पर सुधार देखा गया।

अवलोकन

निर्दिष्ट औषधियों में से 30 पोटेंसी में ब्रायोनिया एल्बा सबसे अधिक उपयोगी औषधि रही। 22 लाभान्वित रोगियों में से रोगियों में केवल ब्रायोनिया से सुधार हुआ।

13. जठर शोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

यह अध्ययन नैदानिक अनुसंधान इकाई, इम्फाल में अक्टूबर 1987 से चल रहा है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष मे जठरशोथ के 20 रोगी अध्ययन के लिए पंजीकृत किए गए। इनमें से 16 में परिवर्ती स्तर पर सुधार आ-

अवलोकन

इस परियोजना के अंतर्गत पंजीकृत किए गए रोगी दीर्घकालिक जठर शोथ से पीड़ित हैं। इसमें प्रभावकारी औषधि- :–एनाकार्डियम, नक्स वोमिका, आर्सेनिक एल्बम। इनसे व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों में बहुत राहत मिली तथा 09 रो- में कष्टों की पुनरावृति कम तीव्रता में हुई। यह परियोजना जारी रहेगी।

14. जठरांत्र शोथ

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

जठरांत्र शोथ में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

साइनोडोन डैक्टाइलान, गम्बोजिया, जलापा, जैट्रोफा, पोडोफाइलम।

यह परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदिवासी), इददूकी में जारी है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष के दौरान जठरांत्रशोथ के 05 रोगी पंजीकृत किए गए। इनमें से 03 रोगियों में जैट्रोफा कर्कास द्वारा सुधार आया।

15. जियार्डिया रूग्णता

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद ने जियार्डिया रूग्णता में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका का पता लगाने के लिए नैदानिक अनुसंधान इकाई, तिरूपति, नैदानिक अनुसंधान इकाई, गुवाहाटी तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, पोर्ट ब्लेयर में अगस्त 1997 से एक अध्ययन शुरू किया है।

र्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

इस परियोजना के अंतर्गत इस अवधि के दौरान नैदानिक अनुसंधान ईकाई, पोर्ट ब्लेयर में 24 रोगी पंजीकृत किए गए, दानिक अनुसंधान ईकाई, गुवाहाटी एवं तिरूपति में कोई रोगी पंजीकृत नहीं किया गया।

वलोकन

इस रोग के व्यक्तिनिष्ट तथा वस्तुनिष्ट लक्षणों को कम करने में होम्योपैथिक दवाऐं एटिस्टा इंडिका, चाइना, पोडोफाइलम था सल्फर उपयोगी रहीं। 24 रोगियों में उपचार के उपरांत जियार्डिया लैम्बलिया लुप्त हो गया। परन्तु यह रोगी अभी अनुवर्तन है। एक चिरकालिक रोग होने की वजह से जियार्डिया–रूग्णता को लम्बे समय तक अनुवर्तन की आवश्यकता है इसलिए यह गी उपचाराधीन है। यह परियोजना जारी रहेगी।

16. कृमिरूग्णता

क) सामान्य क्षेत्रों में

) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

कृमिरूग्णता में निम्नलिखित औषधियों के प्रभावोत्पादकता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

चिलोन ग्लैब्रा, सिना, क्युप्रम ऑक्सीडेटम नाइग्रम, एम्बैलिया राइब्स, टयुक्रियम मेरम वेरम तथा थाइमोल।

नैदानिक अनुसंधान इकाई, गुढगांवं में 1980 से यह परियोजना प्रारम्भ की गई है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	नये	पुराने
सुधार तालिका	57	09
– अति		
– मध्यम	34	09
उपचाराधीन	17	—
अवलोकन	06	—

निर्धारित की गई दवाओं में से सिना तथा टयूक्रियम सबसे प्रभावकारी होम्योपैथिक औषधियां पाई गई। निर्दिष्ट दवा कीड़ों के निष्कासन में भी मदद की एवं सामान्य स्वास्थ्य में सुधार आया, भूख में, दांत किटकिटाने मे सुधार आया तथा कुछ रो में उपचार के पश्चात पेट दर्द पूर्णरूप से लुप्त हो गया। 51 रोगियों में किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं हुई। यह परि जारी रहेगी।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

कृमिरूग्णता में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

चिलोन, एम्बैलिया राइब्स, फिलिक्स मास, ग्रेनेटम, कोसो, सेण्टोनिनम, स्किरहिनम, साइनैपिस एल्बा, थायमोल, वेर एंथेलमिंटिका।

यह परियोजना सेलम, भरमौर, डिफू, दीमापुर, ईटानगर, जैपोर, खोंगजोम (मणिपुर) तथा गंगटोक स्थित नैदानिक अनु इकाइयों (आदिवासी) में चल रहीं है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	551
लाभान्वित रोगियों की संख्या	332

अवलोकन

इस वर्ष सबसे ज्यादा प्रभावकारी पायी जाने वाली औषधियाँ निम्नलिखित थीं – सेण्टोनिनम, फिलिक्स मास, सि एल्बा, ग्रेनाटम, चिलोन तथा वेरनोनिया एंथेल्मिण्टिका। लाभान्वित रोगियों में से 91 प्रतिशत रोगियों को इन्हीं औषधियों से पहुँचा।

17. यकृतशोथ (बी0)

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मुंबई में अगस्त, 1997 से यह परियोजना शुरू की गई। इसका पूर्वलेख भारतीय अनुसंधान प की निर्देशक रेखानुसार तैयार किया गया है। इस वर्ष में कोई भी रोगी पंजीकृत नहीं किया गया।

18. एच.आई.वी. संक्रमण में होम्योपैथिक उपचार का मूल्यांकन

यह अध्ययन होम्योपैथिक क्षेत्रीय अनुसंधान मुम्बई तथा होम्योपैथिक नैदानिक अनुसंधान इकाई, चेन्नई में "एच.आई.वी. संक्रमण में होम्योपैथिक चिकित्सा का मूल्यांकन" के उद्देश्य के साथ प्रारम्भ किया गया। परिषद् के मुख्यालय, नई दिल्ली में एच.आई.वी. / एडस के अनुसंधान में भाग ले रहे अन्य संगठनों द्वारा भेजे गए एच.आई.वी. से संक्रमित रोगियों का उपचार भी किया गया।

वर्ष 2001–02 की उपलब्धियाँ

वर्ष 2001–02 के दौरान 175 रोगी पंजीकृत किये गये जिनमें से 64 रोगी क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मुंबई में, 41 रोगी नैदानिक अनुसंधान इकाई, चेन्नई में तथा 70 रोगी नई दिल्ली में पंजीकृत किये गये।

होम्योपैथिक औषधियाँ जो प्रभावकारी पाई गई

निम्नलिखित होम्योपैथिक औषधियाँ अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई :

एलो. सोकोट्रिना, एन्टीमोनियम क्रूडम, एन्टीमोनियम आर्स, अर्जेन्टम नाईट्रिकम, आरम मैट, ब्रायोनिया, एमेल्यिम निट्रोसम, आर्सेनिकम एल्बम, अजैदिरैक्ता इंडिका, बैलाडोना, कैल्केरिया कार्बोनिका, कैल्केरिया फॉस्फोरिकम, कैल्केरिया सल्फयुरिकम, कैन्थरिस, कास्टिकम, कार्बो वेज, चाईना आफिसिनेलिस, साइकलोस्पोरिन, हिपर सल्फ्यूरिकम, काली बाइक्रोमिकम, काली कार्बोनिकम, लैकेसिस, लाईकोपोडियम क्लेवेटम,कार्सिनोसिन, कोक्यूलस, फैरम मैट, जैलसीमियम, ग्रेफाइटस, ग्वैकम, इपिकाक, लिडमपाल, मैडोरिनम, मर्कयुरियस सोल्युविलिस, मिजिरियम, नैट्रम म्युरियाटिकम, नैट्रम सल्फयुरिकम, नाईट्रिक एसिडम, नक्स वोमिका, फॉस्फोरस, पल्सैटिला, रहस टॉक्सीकोडेन्डरान, साईलिशिया, रयूमैक्स, सैन्यूनेरिया कैन, सल्फर, सिफिलिनम, थुजा आक्सीडेन्टिलिस, टयुर्बकुलाइनम एव वेरैट्रम एल्बम।

अवलोकन

अभी तक होम्योपैथिक दवाओं का कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखा गया है। अभी तक के प्राप्त परिणामों से यह संकेत मिलता है कि लक्षणरहित एच.आई.वी. संक्रमण में तथा एच.आई.वी. से संबधित नैदानिक परिस्थितियों का संचालन करने में होम्योपैथिक दवाऐं एक निश्चित भूमिका अदा करती है। यह सब जांच परिणाम एच.आई.वी. से संक्रमित रोगियों के जीवन स्वरूप को सुधारने, इस संक्रमण को रोकने तथा इसकी प्रगति में बाधा डालने में होम्योपैथिक दवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हैं। आज इन्हीं तर्कों को एच.आई.वी. रोग के विरूद्ध प्रभावशली चिकित्सा साधन विकसित करने में महत्व दिया जा रहा है।

भावी योजना

एक समान पूर्वलेखन तथा प्रयोगशाला जांच पड़ताल के साथ एक बहुकेन्द्रीय अध्ययन की योजना बनाई जा रही है।

19. अति निम्न घनत्व लाईपोप्रोटीनिमिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

अति निम्न घनत्व लाईपोप्रोटीनिमिया में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में अप्रैल, 1992 से एक अध्ययन शुरू किया गया है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	26	30
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	05	06
– मध्यम सुधार	09	18
– अल्प सुधार	06	06
असूचित	03	–
उपचाराधीन	03	–

अवलोकन

	रोगियों की संख्या	
	उपचार पूर्व	उपचार पश्चात
कुल ट्राईग्लिसराइडस 170 मि.ग्रा./170 मि.ली. से अधिक	42	33
कुल कोलेस्ट्राल 200 मि.ग्रा./डे.लि. से अधिक	42	34
एल.डी.एल. 150 मि.ग्रा./100 मि.ली. से अधिक	22	17
वी.एल.डी.एल. 50 मि.ग्रा./100 मि.ली. से अधिक	11	05
एच.डी.एल. 35 मि.ग्रा./100 मि.ली से कम	04	04

जैसा कि उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है, अध्ययन से प्राप्त परिणाम उत्साहवर्द्धक हैं तथा अति निम्न घनत्व लाईपोप्रोटीनि के उपचार में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता की पुष्टि करते हैं। नैदानिक रोगात्मक प्राप्तियों में सुधार के साथ–साथ सम्बद्ध कष्टों से भी राहत मिली जिससे सामान्य स्वास्थ्य लाभ हुआ। एब्रोमा अगस्टा, कैल्केरिया कार्बोनिक, कार्बो लाइकोपोडियम, नक्स वोमिका, जैलसिमियम तथा लैकेसिस प्रभावकारी औषधियाँ रहीं। यह परियोजना जारी रहेगी।

20. उच्च रक्तचाप

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

यह परियोजना अप्रैल 1990 से औषधि मानकीकरण इकाई, हैदराबाद की विस्तार इकाई में चल रही है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	21	81
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	—	12
– मध्यम सुधार	—	09
– अल्प सुधार	—	40
यथापूर्व स्थिति	—	12
उपचाराधीन	21	—
असंशोधित	—	08

अनुवर्तन वाले रोगियों की सुधार तालिका

	रोगियों की दी गई
(1) केवल होम्योपैथिक औषधियाँ	13
प्रभावकारी	10
(2) होम्योपैथिक औषध के साथ–साथ अन्य/एलोपैथिक औषधियां जारी रही	89
(क) हटा ली गई	01
(ख) प्रभावकारी रहीं	51

अवलोकन

पिछले 1 साल से लेकर 8 साल 7 माह से अनुवर्तन में चल रहे 81 रोगियों, जिनका पूर्व रक्तचाप प्रकुंचन 140 से 190 मि. मी. मरकरी तथा अनुशिथिलन100 से 110 मि.मी. मरकरी था, में से 12 रोगियों का रक्तचाप अब सामान्य श्रेणी में पाया गया है। 54 रोगियों में मूत्र में श्वतक पाया गया एवं उपचार के पश्चात् 23 रोगियों में यह लुप्त हो गया। 13 रोगियों में से जो होम्योपैथिक औषधियों के साथ एलोपैथिक औषधियाँ भी ले रहे थे, एलोपैथिक औषधियां हटा ली गई है एवं 14 रोगियों में दवा की मात्रा कम कर दी गई। ब्रायोनिया, लाइकोपोडियम, रावोल्फिया सर्पेन्टीना तथा स्ट्रोफेन्थस आदि होम्योपैथिक औषधियाँ प्रभावकारी पाई गई।

यह परियोजना जारी है।

21. बांझपन, अपक्रियात्मक गर्भाशंय रक्तस्त्राव तथा पेडु का भाोथयुक्त रोग

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने वर्ष 2001–02 से स्त्रीरोगविज्ञान एवं प्रसूतिविज्ञान विभाग, ई.एस.आई. अस्पताल, बसई दारापुर, नई दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से बांझपन, अपक्रियात्मक गर्भाशय रक्तस्त्राव तथा पेडु का शोथयुक्त रोग में अध्ययन प्रारम्भ किया गया है। जिन

रोगियों को उपचार की किसी अन्य विधियों से लाभ नहीं पहुंचा अथवा दुष्कर रोगियों को होम्योपैथिक उपचार के लिए भेजा गया।

बांझपनः बांझपन के 75 रोगी होम्योपैथिक उपचार के लिए भेजे गए इनमें से 47 नियमित रूप से उपचार के लिए आये। उपचार के दौरान यह देखा गया कि जो रोगी मासिक धर्म से सम्बन्धित कष्टों जैसे अनियमित मासिक धर्म, बदबूदार अल्पमात्रा में रजोधर्म एवं कष्टार्तव, सकष्टसंगम से पीडित थे उन्हें उपचार के एक माह के दौरान अपने कष्टों से मुक्ति मिल गई चाहे वे 3 माह से एक वर्ष तक बांझ रहीं प्रारम्भ में यह अध्ययन केवल प्राथमिक अज्ञातहेतुक बांझपन के लिए था परन्तु व्दितीयक बांझपन के भी कुछ रोगी उपचार हेतु भेजे गए प्राथमिक बांझपन के 6 रोगियों एवं व्दितीयक बांझपन के 2 रोगियों ने 3 महीने से एक वर्ष तक चले उपचार के दौरान (निर्दिष्ट होम्योपैथिक दवाओं से) गर्भधारण कर लिया। इनमें से 2 का सामान्य प्रसव हुआ एवं एक का अन्तर्गर्भाशयी विकास विलंबन की वजह से शल्यजनन किया गया। 4 रोगियों में गर्भावस्था जारी है तथा एक रोगी का गर्भावस्था के प्रथम त्रिमास में गर्भपात हो गया।

अपक्रियात्मक गर्भाशय रक्तस्त्राव : इसमें 15 रोगी पंजीकृत किए गए। जिनमें से 10 रोगी नियमित रूप से उपचार के लिए आ रहे हैं। अध्ययन के अधीन अधिकतर रोगियों में अत्याधिक एवं लम्बे समय तक चलने वाले मासिक धर्म की शिकायत थी। उपचार के दौरानयह देखा गया कि सभी आने वाले रोगियों में मासिक धर्म की मात्रा में सुधार हुआ। इनमें से 2 रोगियों में 2 माह

से अधिक समय से निरन्तर रक्तस्त्राव हो रहा था और उन्हें अस्पताल में दाखिल किया गया था। होम्योपैथिक उपचार के प 2–3 दिन में रक्तस्त्राव बंद हो गया तथा परवर्ती मासिक धर्म चक्र सामान्य रक्तस्त्राव के साथ नियमित हो गए। यह रोगी अनुवर्तन में है तथा स्त्रीरोगविज्ञान परिक्षण प्रतिवेदन के अनुसार अलाक्षणिक है।

पेडु का शोथयुक्त रोग : इस परियोजना में 15 रोगी होम्यापैथिक उपचार के लिए भेजे गए। भेजे गए रोगी वे थे जिन्हें समयतक एलोपैथिक उपचार के बाद कोई लाभ नहीं पहुंचा विशेषतया शल्यक्रियात्मक के उपचार. निदानकारी अन्तरूदरदर्शन डी.एन.सी. या गर्भाशय–उच्छेदन के बाद। निर्दिष्ट होम्योपैथिक औषधियों से उपचार के बाद तुरन्त प्रतिक्रिया मिली तथा रोगियों में सुधार पाया गया अर्थात उपचार के एक सप्ताह के भीतर, यद्यपि कुछ रोगियों में पुनरावृति हुई। सभी रोगी अनु में हैं।

22. विरामी ज्वर

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत नैदानिक अनुसंधान इाकई, पोर्ट ब्लेयर में 1989 से तथा होम्योपै अनुसंधान इकाई, जयपुर में 1993 से परिषद् ने यह परियोजना शुरु की। विरामी ज्वर में अत्यंत प्रभावकारी पायी जानी औषधियों की विश्वस्त संकेतों के साथ पहचान की गई। बाद में यह अध्ययन औषधोन्मुखी परियोजना के रूप में चलाया गया 1997–98 से. के.हो.अ.प. की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 29वीं बैठक में दिए गए सुझावानुसार इस परियोजना का रूपा कर दिया गया है और अब यह अध्ययन हैनिमन संकल्पना अनुसार निम्नलिखित तरीकों से किया गया जा रहा है :

(1) छुटपुट या महामारी

(2) दलदल रहित क्षेत्रों में महामारी

(3) घातक विरामी ज्वर (दलदल रहित क्षेत्र)

(4) दलदल वाले क्षेत्रों में स्थानिक मारी

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	104	41
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	63	25
– मध्यम सुधार	31	15
– अल्प सुधार	10	01

अवलोकन

अध्ययन के दौरान यह देखा गया कि 90 प्रतिशत पंजीकृत रोगी छुट–पुट प्रकार के विरामी ज्वर से पीड़ित थे। आर्सी एल्बम, बैलाडोना, चाइना आफिसिनेलिस, नेट्रम म्यूरिएटिकम, रक्स टाक्स इत्यादि बहुविध उपयोगी औषधियों के साथ स्वदेशी औषधियां जैसे , अमूरा रोहितिका, जेन्शियाना तथा सिसलपेनिया बोंडयूसेला ने भी सकारात्मक परिणाम दिखाएं है इसको और अधिक सत्यापन की आवश्यकता है। यह परियोजना अभी जारी है।

23. क्षुब्ध वृहदान्त संलक्षण

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

नैदानिक अनुसंधान ईकाई पोर्ट ब्लेयर में 1998–99 से इस परियोजना पर अध्ययन चल रहा है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये
रोगियों की संख्या	24
सुधार अनुक्रमणिका :	
– अति सुधार	08
– मध्यम सुधार	10
– अल्प सुधार	06

अवलोकन

वर्ष 2001–02 के दौरान 24 नये रोगी अध्ययन के लिए पंजीकृत किए गए। रोग के व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों का नियंत्रण करने में होम्योपैथिक चिकित्सा प्रभावकारी साबित हुई है हालांकि इसका रोगात्मक सत्यापन करना अभी बाकी है होम्योपैथिक औषधियां जैसे अर्जेन्टम नाइट्रिकम, जेलसिमियम, नक्स वोमिका तथा फासफोरस प्रभावकारी पाई गई है। यह परियोजना जारी रहेगी।

24. जापानी इन्सेफलाइटिस/मस्तिष्क ज्वर

क) सामान्य क्षेत्रों में

) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

पूर्वी उत्तरप्रदेश के गोरखपुर जिले (जहां जापानी मस्तिष्क ज्वर स्थानिक मारी है) में दिसंबर 1997 से प्रारंभिक एवं नियंत्रित ध्ययन शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य के.हो.अ.प. द्वारा 1991 में किए गए अध्ययन को ध्यान में रखते हुए, जापानी सेफलाइटिस में रोगरोधक के रूप में बैलाडोना 200 के प्रभाव को देखना है। इस अध्ययन के लिए एक अनुसंधान पूर्वलेख सूत्रबद्ध या गया है।

यह अध्ययन शुरूआत में दो गाँवों तक ही सीमित था। (जहाँ पिछली महामारियों में जापानी इंसेफलाइटिस का घनत्व बहुत ादा था)। सभी स्कूली बच्चों को (जो अन्तर्वेशन तथा अपवर्जन मापदण्ड के भीतर आते थे) रोग की चरणसीमा वाले मौसम के महीने पहले रोगनिरोधक दवा बैलाडोना 200 की एक खुराक/साप्ताहिक/मासिक दी गई। एक साथ दो पड़ौसी गांवों का यंत्रण के रूप में) सर्वेक्षण किया गया। दोनों वर्षों में 3 महीने तक नियमित रूप से साप्ताहिक अनुवर्तन किया गया। इस अवधि 3266 बच्चे नियंत्रण में थे तथा 681 को रोगनिरोधक दिया गया। नियंत्रण समूह के 4 बच्चों में जापानी मस्तिष्क ज्वर का क्रमण हुआ एवं जिन्हें रोग– निरोधक दिया गया उनमें से किसी में भी अनुवर्तन के दौरान संक्रमण नहीं पाया गया। जो 3 बच्चे पानी मस्तिष्क ज्वर से संक्रमित हुए, उनमें बैलाडोना 200 से पूर्णरूप से सुधार हुआ। आम जनता की जानकारी के लिए एक दी की लघु पस्तिका का प्रकाशन भी ईकाई द्वारा किया गया जिसमें रोग के कारणों, वाहक, रोग फैलने के तरीकों, मच्छर विकसित होने के स्थान, मच्छर के काटने के कितने दिन बाद रोग के लक्षण दिखाई देते हैं, बचाव के साधनों, होम्योपैथिक निरोधक दवा लेने के तरीकों इत्यादि का विवरण था

किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए यह आँकडे पर्याप्त नहीं है। हो सकता है कि और महामारी रिपोर्टों से बेलाडोना की प्रतिरोधक उपयोगिता का सत्यापन हो जाए। यह परियोजना जारी रहेगी।

25. मलेरिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दृष्टि से इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए परिषद ने 1979 से होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, ज में यह अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किया है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	104	82
सुधार अनुक्रमणिका :		
अभिसाधित	21	19
सुधार		
– अति सुधार	50	36
– मध्यम सुधार	16	14
– अल्प सुधार	05	07
– असंशोधित	12	—

अवलोकन

संस्थान में पंजीकृत किए रोगियों में से मलेरिया के अधिकांश रोगी प्लाज्मोडियम वाइवैक्स से ग्रसित थे। उपचारित की तुलना में आर्सेनिक एल्बम, चाइना आर्सेनिकोसम, नेट्रम म्यूरिएटिकम तथा भारतीय औषधियां जैसे एल्सटोनिया कं अजैदिरैक्ता इंडिका, सिसलपेनिया बोंडयूसेला एवं निक्टेन्थेस एर्वोट्रिस्टिस सबसे अधिक प्रभावकारी पाई गई। 40 नये रोगियों में किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं हुई। यह देखा गया कि मलेरिया के नूतन दौरों में शीघ्र ही प्रतिक्रिया मि परियोजना जारी है।

(ख) जनजातीय क्षेत्रों में

मलेरिया में निम्नलिखित औषधियों का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन:

एल्सटोनिया कंस्ट्रिक्टा, एमूरा रोहितका, अरेनिया डायडेमा, चिनिनम सल्फ्युरिकम, चिरैता, ल्यूफा बिंडल, मलेरिया आफि ओस्ट्रिया वर्जीनिका, ट्राइकोसेन्थेस डियोका, वाइटेक्स नेगुंडो। नैदानिक अनुसंधान इकाईयों (जनजातीय) आइजाल तथा इस परियोजना पर कार्य चल रहा है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	89
लाभान्वित रोगियों की संख्या	63

अवलोकन

निर्धारित औषधियों के समूह में से चिनिनम सल्फ्युरिकम, चिरैता, एल्सटोनिया कंस्ट्रिक्टा, एरेनिया डायडेमा तथा मलेरिया आफिसिनालिस आदि होम्योपैथिक औषधियाँ अधिकतम प्रभावकारी पाई गई तथा लाभान्वित रोगियों में से 76 प्रतिशत रोगियों को इन औषधियों से लाभ पहुँचा।

26. मानव भ्रूण की कुस्थिति

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

मानव भ्रूण की कुस्थिति को सही करने में पल्सटीला नाइग्रा 200 की प्रभावोत्पादकता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन करना

परिषद् ने इस बारे में वैज्ञानिक अध्ययन करने के लिए नैदानिक अनुसंधान इकाई, वाराणसी में यह परियोजना प्रारम्भ की है जहां सभी अनुसंधान संबधी रोगी आधुनिक चिकित्सा के परामर्शदाताओं द्वारा भेजे जाते है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष के दौरान 19 नये रोगी पंजीकृत किए गए तथा उन्हें गर्भावस्था के 28वें सप्ताह के बाद प्रतिसप्ताह 2 खुराकें पल्सटीला नाइग्रा की दी गई।

अवलोकन

अध्ययन के दौरान पाया गया कि 16 अस्थिर स्थिति के रोगियों में मानवभ्रूण की कुस्थिति को सही करने में पल्सैटिला 200 प्रभावकारी रही है। पाए गए यह परिणाम उपयोगी हैं तथा इसके प्रयोग के लिए उपलब्ध संकेतों को पुष्ट करते हैं। और निर्देश देते है कि शल्यक्रिया करने से पहले भ्रूण की कुस्थिति को सही करने के लिए परीक्षण किया जा सकता है। किंतु इन परीक्षणों के पहले इसके बार–बार सत्यापन की आवश्यकता है। यह परियोजना जारी रहेगी।

27. अतिरज

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

अतिरज में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता

फाईकस रेलिजियोसा, ईरिजरोन, जेरेनियम मेक्यूलेटम, लेडम पाल, थलैस्पी बर्सा पैस्टोरिस तथा ट्रिलियम पेंडुलम। यह अध्ययन वर्ष 1987 से नैदानिक अनुसंधान इकाई, वाराणसी में प्रारम्भ किया गया है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	38	112
खुराक	15 दिनों तक 5 से 8 बूंद दिन में तीन बार तथा अगले तीन माह तक हर माह में 15 दिनों के लिए इसी प्रकार सेवन करना।	

सुधार अनुक्रमणिका :

फाइकस रिलिजियोसा	15
सुधार	
अति	09
मध्यम	04
निम्न	02
जेरेनियम मैक्यूलेटम	06
सुधार	
अति	04
मध्यम	01
निम्न	01
थ्लैस्पी बरसा पैस्टोरिस	07
सुधार	
अति	
निम्न	05
ट्रिलियम पेन्डुलम	02
सुधार	
अति	
मध्यम	03
निम्न	01
	01

अवलोकन

यह देखा गया कि निर्दिष्ट औषधियां फाईकस रेलिजियोसा, थ्लैस्पी बरसा, पैस्टोरिस एवं ट्रिलियम पेन्डुलम तथा जे मेक्यूलेटम व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों को सुधारने में प्रभावकरी रही हैं। 37 रोगियों में उपचार के दौरान हीमोग्लो स्तर में 2.5 ग्राम से 4 ग्राम प्रतिशत की वृद्धि भी हुई। 112 अनुवर्तन के रोगियों में से 41 रोगियों में फाइकस रिलिजियो टिंक्चर, 12 रोगियों में एरिजिरान मदर टिंक्चर, 09 रोगियों में जिरेनियम मैक्यूलेटम मदर टिंक्चर, 21 रोगियों में थ्लैस्पी पैस्टोरिस मदर टिंक्चर, 19 रोगियों में ट्रिलियम पैन्डुलम मदर टिंक्चर प्रभावकारी पाई गई। यह परियोजना जारी रहेगी।

28. अस्थि संधिशोथ

क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

अस्थि संधिशोथ के उपचार एवं रोकथाम में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए अनुसंधान संस्थान, गुड़िवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में 1984 से तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, पटियाला (पंजाब) में 1979 से तथा अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम में जुलाई, 2000 से एक अध्ययन जारी है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	187	121
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	29	12
– मध्यम सुधार	67	79
– अल्प सुधार	48	29
असूचित	16	—
बीच में छोड़ दिया	03	—
उपचाराधीन	14	01

अवलोकन

निर्दिष्ट होम्योपैथिक औषधियों से अधिकतर लक्षण जैसे सुबह अंकडन, जोडों में सूजन, जोडों में चटकाहट, अभिबंधक घुटना लुप्त हो गए। अधिकतर निर्दिष्ट औषधियां कैल्केरिया कार्बोनिका, लाईकोपोडियम, पल्साटीला, रक्स टाक्सीकोडेन्ड्रान, ब्रायोनिया एवं सल्फर रहीं। इन्हें 200 पोटैन्सी में देने से उत्तम परिणाम प्राप्त हुए। पुनरावृत एक्स–रे परीक्षण से यह ज्ञात हुआ कि इन रोगियों में ओस्टियोफाइट निक्षेप में अथवा जोडों के बीच के अंतर कम होने में कोई वृद्धि नहीं हुई। इस तरह से समरूप औषध के सहयोग से रोग के विकास को अस्थायी अथवा स्थायी तौर पर रोका जा सकता है। कष्टों की अवधि एवं सुधार तालिका से यह पता चलता है कि रोग की चिरकारिता का रोग से एवं होम्योपैथिक उपचार के प्रभाव से कोई सम्बन्ध नहीं है क्योंकि अधिकतर रोगियों में विभिन्न स्तरों पर सुधार आया। 45 रोगियों में हीमोग्लोबिन में (0.5 ग्राम प्रतिशत से 6.5 ग्राम प्रतिशत तक) नियमित एवं महत्वपूर्ण बढोतरी हुइ। प्रथम दर्जे के 39 रोगियों में से 25 रोगियों में सुधार आया तथा 12 व्दितीय श्रेणी के रोगियों में से 7 रोगी उपचार के दौरान प्रथम श्रेणी में परिवर्तित हो गए। यह परियोजना जारी रहेगी।

(ब) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

अस्थि संधिशोथ में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावोत्पादकता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

ब्रायोनिया, थूजा, कैल्केरिया कार्बोनिका, फॉर्मिका रूफा, रहस टॉक्सिकोडेन्ड्रोन, विस्कम एल्बम, लाईकोपोडियम, ग्वैकम, कॉस्टिकम, वायोला ओडोरेटा, कैल्केरिया फ्लोरिकम तथा कैसिया सोफेरा।

क्षेत्रीय अनुसंधान इकाई, गुड़िवाढ़ा तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, पटियाला में 1996–97 से यह अध्ययन शुरू किया गया।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	96	88
सुधार अनुक्रमणिका :		
सुधार		
– अति सुधार	02	04
– मध्यम सुधार	14	61
– अल्प सुधार	51	23
उपचाराधीन	11	—
असूचित	14	—
छोड दिए गए	04	—

अवलोकन

अस्थि संधिशोथ के 50 से 90 प्रतिशत रोगियों में दर्द तथा अकडन में और संयुक्त जठरीय अव्यवस्था में अच्छा खासा [illegible] हुआ है परन्तु इसे लम्बे अनुवर्तन की आवश्यकता है। रस टाक्सिकोडेन्ड्रान तथा ब्रायोनिया एल्बा औषधियों एक दूसरे का [illegible] अनुसरण करती हुई सबसे प्रभावकारी रही। इनके साथ–साथ फार्मिका रूफा, कास्टिकम, कैल्केरिया कार्बोनिका, लाइको[illegible] एवं थूजा भी प्रभावकारी पाई गई। इन औषधियों के विश्वसनीय लक्षणों का सत्यापन किया जा चुका है परन्तु इसके पुष्टि[illegible] की आवश्यकता है। नैदानिक अनुसंधान इकाई, पटियाला में प्रथम श्रेणी के 39 रोगियों में से 26 में सुधार आया तथा 19 में [illegible] रोगियों में जोडों का दर्द एवं दाववेदना लुप्त हो गई। यह परियोजना जारी रहेगी।

(ख) जनजातीय क्षेत्रों में

अस्थि संधिशोथ में निम्नलिखित औषधियों का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

एक्टिया स्पाइकैटा, एंग्युस्चुरा वेरा, कोलोफाइलम, फॉर्मिक रूफा, फॉर्मिक एसिड, गॉल्थेरिया, ग्वैकम, लिथियम कार्ब[illegible] मैग्नालिया ग्रैंडिफ्लोरा, मलेरिया ऑफिसिनालिस, रेडियम ब्रोमेटम, रैमनस, स्टेलैरिया मीडिया, एक्स–रे, मेडोराइनम,ओ–ए–[illegible]

पॉडिचेरी एवं विजयवाडा स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में यह परियोजना चल रही है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	197
लाभान्वित रोगियों की संख्या	48(.)

(.)इसमें विजयवाडा के आंकडे गलत प्रतिवेदन की वजह से शामिल नहीं किए गए।

अवलोकन

अस्थि संधिशोथ के लिए निर्धारित औषधियों के समूह में से गाल्थेरिया, ग्वैकम, लीथीयम कार्ब, मैग्नोलिया ग्रैन्डीफ्लो[illegible] मेंडोराइनम सबसे अधिक प्रभावकारी पाई गई तथा लाभान्वित रोगियों में से 63 प्रतिशत रोगियों को इसी औषधि से फायदा [illegible]

29. पैप्टिक व्रण

(ख) जनजातीय क्षेत्रों में

पैप्टिक व्रण में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

एसिटिक एसिड, एट्रोपिन, कंड्युरेंगो, कोर्टिकोट्रोपिन, युफोर्बियम, हाइड्रोसाएनिक एसिड, सिम्फाईटम, यूरेनियम ना[illegible]

यह परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (आदिवासी), पांडिचेरी में चल रही है।

अवलोकन

वर्ष 2001–02 में अध्ययन के लिए 83 रोगी पंजीकृत किए गए तथा निर्दिष्ट औषधियों से 21 रोगियों में परिवर्ती [illegible] सुधार आया। एसिटिक एसिड एवं कन्डुरेंगों सबसे प्रभावकारी पाई गई।

30. अन्तराकशेरूकभंश

(क) सामान्य क्षेत्रों में

रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसांधान

अन्तराकशेरूकभ्रंश में सबसे प्रभावकारी औषधियों का पता लगाने के लिए परिषद् ने होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान [illegible] में 2000–2001 से वैज्ञानिक पद्धति पर एक अध्ययन प्रारम्भ किया है।

[illegible]वर्ष 2001–02 में उपलब्धियां

	नये
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	05
सुधार अनुक्रमणिका	
सुधार	
अति	02
मध्यम	02
निम्न	01

[illegible]अवलोकन

नैदानिदक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि किसी व्यक्ति के मौजूदा लक्षणों के आधार पर दी गई होम्योपैथिक औषधियों से [illegible]हुत लाक्षणिक राहत मिली है। रोगियों ने कटि प्रदेश एवं गर्दन के क्षेत्र की दर्द, अकडन एवं ऐंठन में बहुत सुधार अनुभव किया। [illegible]ाहे अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या बहुत कम है परन्तु परिणाम उत्साहवर्धक हैं। यह अध्ययन जारी है।

31. प्रोस्टेट ग्रंथि में वृद्धि/प्रोस्टेट विवर्धन

[illegible]क) सामान्य क्षेत्रों में

[illegible]अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

प्रोस्टेट ग्रंथिवृद्धि/विवर्धन में सबसे प्रभावकारी औषधियों का पता चलाने हेतु परिषद् द्वारा होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, [illegible]यपुर में 1996–97 से वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित एक अध्ययन शुरू किया गया है।

[illegible]र्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	06
सुधार अनुक्रमणिका :	
– अति सुधार	02
– मध्यम सुधार	04

[illegible]वलोकन

होम्योपैथिक औषधियों ने व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों में राहत पहुंचाई है। निर्दिष्ट होम्योपैथिक औषधियों जैसे थूजा, [illegible]नियम, ने परिवर्ती पोटेसियों में लक्षणों में बहुत राहत पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त इन्द्रिय औषध सेबल सेरूलेटा मूलार्थ रूप [illegible]दिन में दो अथवा तीन बार दी गई तथा प्रभावकारी पाई गई। रोगियों ने लघुशंका की बारम्बारता तथा मूत्र रोके रखने पर होने [illegible]ी असुविधा में भी सुधार अनुभव किया। यह परिणाम उत्साहवर्धक है और यह अध्ययन जारी है।

32. गुर्दा पथरी

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

नैदानिक अनुसंधान इकाई, इम्फाल में 1987 से इस परियोजना पर अध्ययन किया जा रहा है।

अवलोकन

वर्ष 2001–02 में 15 नए रोगियों का नाम दर्ज किया गया। इनमें से 3 रोगियों को अत्यत सुधार पहुंचा, 5 रोगियों ... तथा 7 रोगियों में अल्प सुधार हुआ। रोगियों में रक्तमेह, मूत्रोत्सर्जन में जलन तथा दर्द के दोरों मे सुधार हुआ। इन ... नियंत्रित करने में बर्बेरिस वुल्गेरिस, लाइकोपोडियम एवं सास्रप्रिला प्रभावकारी पाई गई। यह परियोजना जारी रहेगी।

33. रूमेटॉइड संधिशोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

नैदानिक अनुसंधान इकाई, उडूपि में 1988–89 से इस परियोजना पर अध्ययन किया जा रहा है।

वर्ष 2001–02 में उपलब्धियां

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	24	52
सुधार अनुक्रमणिका		
सुधार		
अति	—	08
मध्यम	—	16
निम्न	—	20
छोड दिए गए	07	03
उपचाराधीन	17	/

अवलोकन

नैदानिक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि व्यक्तिनिष्ट लक्षणों जैसे दर्द, जोडों की सूजन, क्षुधालोप, दर्द का हिलने ... बढना एवं दुर्बलता तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों जैसे दाबवेदना, सुबह की अकडन, भार कम होना एवं ज्वर में सुधार आया ... विकृतिजन्य जांच में भी सुधार पाया गया। यह परियोजना जारी है।

(ख) जनजातीय क्षेत्रों में

34. नासाशोथ

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

नासाशोथ में निम्नलिखित औषधियों का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

एनिमोप्सिस कैलिफोर्निका, एंथिमिस नोबिलिस, आरम म्युरियाटिकम, जस्टीशिया एधाटोडा, लेम्ना माईनर, मैग्नो... सेपोनेरिया, सेंग्वीनेरिया नाइट्रिका, साइनेपिस नाईग्रा, थेरिडियोन एवं सेपोनेरिया।

यह परियोजना शिलांग, जगदलपुर तथा भारूच स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाइयों (जनजातीय) में जारी है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	155
लाभान्वित रोगियों की संख्या	126

अवलोकन

निर्दिष्ट औषधियों में से एंथिमिस नोबिलिस, जस्टीशिया एधाटोडा, क्विलिया, लेम्नामाइनर तथा संग्वीनेरिया नाईट्रिका सबसे ज्यादा प्रभावकारी रहीं।

35. सिक्कल सैल अनीमिया/दात्रलोहितकोशिका अरक्तता

(क) जनजातीय क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

सिक्कल सैल अनीमिया में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का पता चलाने के लिए परिषद् ने 1987–88 में उड़ीसा के संबलपुर जनजातीय क्षेत्र में स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाई में वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित एक योजनाबद्ध अध्ययन शुरू किया। जहां आदिवासियों में दात्रकोशिका विशेषकर पाया जाता है।

यह अध्ययन निम्नलिखित पद्धति के अनुसार किया जा रहा है :

1. सर्वेक्षण : संबलपुर क्षेत्र के आसपास के सभी ग्रामों का सर्वेक्षण कर रोग से पीड़ित परिवारों के यहाँ से रक्त का संग्रह करना तथा विवरण तैयार करना।
2. उपचारार्थ : इस रोग से पीडित व्यक्तियों का अनुमोदित अनुसंधान परिपत्र के अंतर्गत होम्योपैथिक औषधियों से उनकी प्रकृति संबंधित एवं लाक्षणिक उपचार करना।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	53	219
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	—	33
– मध्यम सुधार	—	68
– अल्प सुधार	29	72
कोई सुधार नहीं	17	33
असूचित	07	17

अवलोकन

यह देखा गया है कि ब्रायोनिया 30, 200, 1 एम., रहस टॉक्स. 200, 1 एम., मैग्नेसिया फॉस्फोरस 6 एक्स, 30, 200, लाईकोपोडियम 30, 200, नैट्रम म्युरियाटिकम 30, 200, वैनेडियम 30, 200, चेल्डोनियम 30, ट्यूबरकुलिनम 200 आदि होम्योपैथिक औषधियाँ इस रोग को नियंत्रित करने में इस हद तक सक्षम हैं कि रोगी कई वर्षों तक लक्षणरहित रहते हैं।

219 पुराने रोगियों में से 37 रोगी, जिन्हें होम्योपैथिक उपचार से पूर्व रक्ताधान दिया गया, उनमें से केवल 06 रोगियों को और आगे रक्ताधान की आवश्यकता पड़ी। 31 रोगियों को और अधिक रक्ताधान की आवश्यकता नहीं पड़ी। यह देखा गया है कि जिन रोगियों में सुधार हुआ उन्हें अपने कष्टों के लिए कम तीव्र औषध जैसे कालमेघ मदर टिंक्चर की आवश्यकता पडी। 68 रोगि... में पिछले 1 से 3 सालों में, 33 रोगियों को पिछले 3 से 8 सालों में किसी भी कष्ट की पुनरावृति नहीं हुई। यह परियोजना जा... रहेगी।

36. साइनुसाइटिस / वायुविवरशोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

साइनुसाइटिस में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए परिषद ने नैदानिक अनुसंधान इ... चेन्नई में 1987 से यह परियोजना शुरू की है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	32	20
सुधार अनुक्रमणिका :		
सुधार		
– अभिसाधित	—	02
– मध्यम सुधार	—	10
– अल्प सुधार	—	08
उपचाराधीन	32	—

अवलोकन

बैलाडोना, कैल्केरिया कार्बोनिकम, नैट्रम म्युरियाटिकम, हिपर सल्फ तथा पल्सटिला औषधियाँ परिवर्ती मोटेलि... प्रभावकारी रही। ये औषधियां व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ लक्षणों को सुधारने तथा कुछ रोगियों में इन्हें समाप्त करने में स... सिद्ध हुई है। परवर्ती दौरों की बारम्बारता तीव्रता एवं अवधि भी कम हो गई। अधिकतर रागियों में ब्रायोनिया 30 अतिया... की तीव्रता को नियंत्रित करने में सफल रही। यह परियोजना जारी है।

(ख) जनजातीय क्षेत्रों में

साइनुसाइटिस में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन करना :

एनिमोप्सिस कैलिफोर्निका, एन्थेमिस नोबिलिस, आरम म्यूरिएटिकम, जस्टिशिया एधाटोडा, लेम्ना माइनर, मैन्थौल, ... सेंग्विनेरिया नाइट्रिका, सेपोनेरिया, सिनेपिस नाइग्रा, थेरिडियोन।

नैदानिक अनुसंधान इकाईयों में (जनजातीय) गैंगटाक तथा विजयवाडा में इस परियोजना पर कार्य चल रहा है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियां

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	105
लाभान्वित रोगियों की संख्या	05()

() इसमें विजयवाडा के आंकडे गलत प्रतिवेदन की वजह से शामिल नहीं किए गए।

अवलोकन

इस वर्ष के दौरान निर्दिष्ट औषधियों में से जस्टिशिया एधाटोडा, लेम्ना माइनर, सिनेपिस नाइग्रा, सबसे अधिक दी गई परन्तु विजयवाडा से गलत प्रतिवेदन की वजह से इनकी प्रभावकारिता को आंका नहीं जा सका। ये औषधियां पिछले वर्ष भी प्रभावकारी हीं थीं।

37. त्वचा विकार

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

एलर्जिक त्वक्रोग सोरिएसिस पित्ती आदि विभिन्न त्वचा विकारों में अत्याधिक प्रभावी औषधियों के एक समूह का पता लगाने के लिए परिषद ने नैदानिक अनुसंधान इकाई, गुडगांव में 1982 से, नैदानिक अनुसंधान इकाई, पटियाला से 1985 से तथा नैदानिक अनुसंधान इकाई, गोरखपुर में अप्रैल, 2000 से अनुसधान अध्ययन शुरू किया।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	163	61
सुधार अनुक्रमणिका :		
सुधार		
– अति सुधार	56	35
– मध्यम सुधार	46	10
– अल्प सुधार	35	02
असूचित	17	—
छोड दिए गए	06	02
असंशोधित	03	12

अवलोकन

विभिन्न प्रकार के त्वचाशोथ में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गई, वे इस प्रकार है, पित्ती में बोविस्टा, क्लोरैलम, डल्कामारा, ...ा यूरेन्स्, अर्टिका यूरेन्स, सीपिया तथा सल्फर, संस्पर्श त्वकशोथ में पैट्रोलियम, एलर्जिक त्वचा में हाइड्रोक्रोटाइल, ...श–त्वचाशोथ में सल्फर, सीपिया, हाइड्राकोटाइल तथा पाम्फोलिक्स में हाइड्रोकोटाइल, सीपिया तथा पैट्रोलियम। 27 रोगियों ...स वर्ष के दौरान कोई पुनरावृति नहीं हुई। यह परियोजना जारी है।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

त्वचा रोगों में निम्नलिखित औषधियों का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन

एल्नस, एंथ्राकोकली, अरब्युटस एंड्राक्ने, आर्सेनिकम आयोडेटम, बर्बेरिस एक्विफोलियम, यूओनिमस एट्रोपरप्यूरिया, हाइग्रोफिला स्पाईनोसा, आयडोथाइरीन, काली कार्बोनिकम, काली आर्सेनिकम, मर्क्युरियस डयूल्सिस, ओलिएंडर, स्कूकम चुक, स्ट्रिचनिनम आर्सेनिकम।

यह परियोजना ऐजवाल, जगदलपुर, भरमौर, ईटानगर, राँची, सेलम, सिलिगुडी तथा डिफू में स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाइयों (जनजातीय) में जारी है।

वर्ष 1999–2000 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	619
लाभान्वित रोगियों की संख्या	409

अवलोकन

इस वर्ष के दौरान निर्दिष्ट दवाओं द्वारा उपचार से 66 प्रतिशत रोगियों को लाभ पहुंचा। इनमें सबसे अधिक प्रभावकारी औषधियों में आर्सेनिक आयोडेटम, एंथ्राकोकली, बर्बेरिस एक्विफोलियम, काली आर्सेनिकम, हाइग्रोफिला स्पिनोसा, ओलिएंडर तथा स्कूकम चुक थी। ये औषधियां पिछले वर्षों में भी प्रभावकारी रहीं हैं परन्तु इनके और पुष्टीकरण की आवश्यकता है।

38. तुण्डिका शोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

तुण्डिकाशोथ में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का अध्ययन करने हेतु परिषद ने नैदानिक अनुसंधान इकाई, गुडगांव में 1982 से, नैदानिक अनुसंधान इकाई, चेन्नई में तथा नैदानिक अनुसंधान व महामारी सैल, भोपाल में 19.. से अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किया है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	65	26
सुधार अनुक्रमणिका :		
अभिसाधित	—	05
सुधार		
– अति सुधार	15	05
– मध्यम सुधार	09	12
– अल्प सुधार	07	04
उपचाराधीन	34	—

अवलोकन

तुण्डिकाशोथ के 05 पुराने रोगियों को रोगमुक्त करार दिया गया है। उपचार के पश्चात यह देखा गया कि तीव्र दौरे 7 से 15 दिन में समाप्त हो गए तथा तुण्डिकाशोथ में एक से 6 महीनों में राहत मिल गई। दौरों की बारम्बारता, अवधि तथा तथा तीव्रता में अच्छी खासी कमी पाई गई। बैलाडोना, ब्रायोनिया, हिपर सल्फ तथा मरक्यूरियस सोलुबिलिस ने तीव्र दौरों को प्रभावशाली ढंग से नियंत्रित किया। यह परियोजना जारी है।

(ख) जनजातीय क्षेत्रों में

तुण्डिका शोथ में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन :

एलेंथस, एमिग्डेलस एमारा, एपिस मेलिफिका, कैंथरिस, एकाईनेसिया, ग्वैकम, जिम्नोक्लेडस, स्ट्रेप्टोकोसीन, ट्यूबरक्यूलिनम।

यह परियोजना ऐजवाल, इदूक्की तथा शिलांग स्थित नैदानिक अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में चल रहीं है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	141
लाभान्वित रोगियों की संख्या	109

अवलोकन

इस वर्ष निर्धारित औषधियों में ट्यूबरक्युलिनम, एलान्थस, ग्वैकम, एकाइनेशिया, कैन्थरिस तथा एपिस मेलिफिका अत्याधिक प्रभावकारी पाई गई।

39. ऊपरी श्वासनली संक्रमण

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने ऊपरी श्वास नली संक्रमण, जो उष्णकटिबन्धी एवं विकासशील देशों में होने वाले मुख्य रोगों में से एक है, में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावोत्पादकता के बारे में अध्ययन करने के लिए एक अनुसंधान कार्यक्रम प्रारम्भ किया है। इसमें कान, नाक और गले के रोग शामिल हैं तथा नैदानिक अनुसंधान के साथ महामारी सैल, भोपाल में अप्रैल, 2000 से इस परियोजना पर कार्य प्रारम्भ किया गया है।

औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद की विस्तार इकाई में एक अन्य परियोजना " ऊपरी श्वास नली संक्रमण की देखभाल में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का नैदानिक परीक्षण आधुनिक चिकित्सा के साथ तुलनात्मक अध्ययन " पर कार्य प्रारम्भ किया गया है जिसका प्रतिवेदन अलग से दिया गया है।

1. नैदानिक अनुसंधान के साथ महामारी सैल, भोपाल में किए गए अध्ययन का प्रतिवेदनः–

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियां

	नये
अतिपाती नासाशोथ	
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	57
सुधार अनुक्रमणिका	
अभिसाधित	02
सुधार	
– अति सुधार	31
– मध्यम सुधार	11
– अल्प सुधार	07
असंशोधित	01
असूचित	05
स्वरयंत्र शोथ/जुकाम एवं खांसी	
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	52
सुधार अनुक्रमणिका:	
सुधार	
– अति सुधार	09
– मध्यम सुधार	30
– अल्प सुधार	10
असंशोधित	02
असूचित	01

अवलोकन

अतिपाती नासाशोथ में 49 रोगियों में अति से निम्न स्तर पर सुधार आया तथा 2 रोगी अभिसाधित हुए। उपचार की 3 से 11 दिन रही तथा जस्टीशिया एधाटोडा, लेमना माइनर एवं काली आयोडेटम प्रभावकारी होम्योपैथिक औषधियां रहीं। स्वरयंत्र शोथ/जुकाम एवं खांसी में 49 रोगियों में 15 से 20 दिन के उपचार पश्चात् अति से निम्न स्तर पर सुधार आया। जस्टीशिया एधाटोडा, ब्रायोनिया, बैलाडोना एवं आर्सेनिकम आयोडेटम प्रभावकारी होम्योपैथिक औषधियां रहीं। यह परियोजना जारी

औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद (विस्तार इकाई) में किए गए अध्ययन का प्रतिवेदनः

वर्ष 2001–02 में उपलब्धियां

औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद (विस्तार इकाई) में "ऊपरी श्वासनली संक्रमण की देखभाल में होम्योपैथिक प्रभाव का नैदानिक परीक्षण – आधुनिक चिकित्सा के साथ तुलनात्मक अध्ययन" परियोजना पर कार्य प्रारम्भ किया गया। वर्ष में ऊपरी श्वासनली संक्रमण के 39 रोगी होम्योपैथिक दवाओं के नियंत्रित नैदानिक परीक्षण के लिए एवं 37 रोगी अध्ययन के लिए ई.एन.टी. बाहयरोगी विभाग से लिए गए।

अध्ययन किए गए रोगी	एलोपैथी		होम्योपैथी	
	नये	पुराने	नये	पुराने
स्वरयंत्र	02	52	02	52
ग्रसनीशोथ	03	55	03	58
नासाशोथ	12	60	13	60
गलतुण्डिकाशोथ	11	54	11	58
वायुविवरशोथ	09	65	10	79

अवलोकन

इस परियोजना पर किया गया कार्य उत्साहवर्धक है तथा यह देखा गया है कि जो रोगी तीव्र सिरदर्द के साथ सिर चकराना एवं वमन के कष्ट के साथ आये उनके से 40 प्रतिशत में उपचार के बाद सिरदर्द नहीं हुआ, 27 प्रतिशत में हल्के सिरदर्द के साथ असुविधा रही तथा 31 प्रतिशत में सिरदर्द के साथ सिर चकराने के शिकायत रही। यह देखा गया है कि भले ही सिरदर्द की तीव्रता में सुधार आना, सुधार का अस्पष्ट मापदण्ड है परन्तु विकिरणचित्र प्रमाणों ने इसका परस्पर सम्बन्ध प्रभावित विवर में धुधलेपन के लुप्त होने के साथ दिखाया है। संयुक्त लक्षण जैसे ज्वर, शीतावस्था, बदनदर्द इत्यादि 24 से 72 घंटों में 50 प्रतिशत रोगियों में होम्योपैथी उपचार से दूर हो गये एवं 50 प्रतिशत रोगियों में 4 दिन के भीतर लुप्त हो गये। जो होम्योपैथिक औषधियों प्रभावकारी रहीं, वे इस प्रकार हैं:–

स्वरयंत्र शोथ :	लैकिसिस एवं अर्जेन्टम नाईट्रिकम
ग्रसनीशोथ :	मर्क सोल एवं एसिड नाईट्रिक
नासाशोथ:	आर्सनिक एल्बम, कल्केरिया फास एवं टयुर्बकुलाईनम
गलतुण्डिकाशोथ:	आर्सनिक एल्बम, बैलाडोना, फ़ास्फ़ोरस
वायुविवर शोथ:	काली बाईक्रोमिकम, नैट्रम म्यूर, सैग्यूनेरिया, हिपर सल्फ एवं फासफोरस

यह परियोजना जारी रहेगी।

40. विटिलिगो/प्राथमिक–श्वित्र

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) औषधोन्मुखी नैदानिक अनुसंधान

विटिलिगो में आर्सेनिक सल्फयूरिकम फलेवम की प्रभावकारिता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकनः

यह परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई, तिरूपति में अप्रैल, 1987 से चल रही है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियां

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	41	47
पोटैन्सी 30,200,1 एम., 10 एम., 50 एम., सी.एम.		
सुधार अनुक्रमणिका :		
अभिसाधित	––	08
– अति सुधार	08	16
– मध्यम सुधार	08	05
– अल्प सुधार	16	12
कोई सुधार नहीं	05	06
उपचाराधीन	04	––

अवलोकन

विटिलिगो को एक चिरकालिक रोग होने की वजह से लम्बे उपचार तथा अनुवर्तन की आवश्यकता है। 47 पुराने रोगी में से जो पिछले आठ वर्ष से अनुवर्तन में चल रहे थे, 8 रोगी अभिसाधित हुए तथा 33 रोगियों में आर्सेनिक सल्फ फलेवम से पर्याप्त स्तर पर सुधार आया। यह परियोजना जारी है।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

विटिलिगो में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का नैदानिक तौर पर मूल्यांकन

आर्सेनिक सल्फ्यूरिकम फलेवम, सिफिलाइनम।

यह परियाजना चिकित्सा अनुसंधान इकाई, सेलम में शुरू की गई है।

वर्ष 2001–02 के दौरान उपलब्धियां

रोगियों की संख्या	28
लाभान्वित रोगियों की संख्या	07

अवलोकन

इस वर्ष में 7 रोगियों में आर्सेनिक सल्फ फलेवम प्रभावकारी पाई गई।

महामारियों के दौरान नैदानिक अनुसंधान

तिवेदन

महामारी किसी रोग का व्यापक प्रकोप है जिससे एक ही समय में एक अथवा अनेक प्रतिवासों एवं समस्त जिलों, राज्यों तथा शों में बढ़ी संख्या लोग प्रभावित होते हैं। प्रत्येक प्रकोप पिछले अथवा आने वाले प्रकोप से पूर्ण रूप से भिन्न हो सकता है भले रोगात्मक जांच से वह वैसा ही रोगी पाया जाए।

हाल की के वर्षो में संक्रामक रोगों की संख्या में बढोतरी हुई है। इन प्रकोपों को रोग के प्रथम लक्षण दिखाई देने पर ही ही होम्योपैथिक औषध देकर रोका जा सकता है। यह रोग की अवधि को कम करेगी एवं उत्तर प्रभावों को रोकेगी।

देश के विभिन्न भागों में भांति–भांति की महामारियों की पुनरावर्ति लहर को देखते हुए तथा महामारियों से प्रभावित लोगों कष्टों को कम करने में होम्योपैथी द्वारा निभाई जा रही भूमिका को ध्यान में रखते हुए परिषद् प्रारम्भ से इस विषय पर अध्ययन र रही है। परिषद् ने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में एक महामारी सैल की स्थापना की है।

इस सैल के लक्ष्य इस प्रकार हैं:–

1. आवश्यकता के समय पीडित जनता के कष्टों में राहत पहुंचाने के लिए चिकित्सकों एवं दवाओं के साथ तुरन्त पहुंचना।
2. जीनेंस एपिडेमिक्स का पता लगाना।
3. जो लोग रोग से प्रभावित नहीं हुए परन्तु रोग के लिए संभवतः संवेदनशील हैं, उन्हें रोधात्मक उपचार देना।
4. महामारी के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना।

र्ष, 2002 से पहले किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण

परिषद ने निम्नलिखित महामारियों में रोधात्मक एवं उपचार से सम्बन्धित अध्ययन किया है :–

महामारी	स्थान	वर्ष
नेत्रश्लेष्मलाशोथ	कोलकाता, दिल्ली	1981,1988
	हैदराबाद, गुडिवाडा	1985
	बहादुरगढ, गाजियाबाद, दिल्ली	1986
डेंगू ज्वर	दिल्ली	1982
डेंगू रक्तप्रवाही ज्वर	दिल्ली	1996
हन्ता ज्वर	उत्तर प्रदेश	1983
जापानी मस्तिष्क शोथ	उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल	1984
	आंध्र प्रदेश एवं दिल्ली, त्रिपुरा	
	गुडिवाडा एवं हैदराबाद, डिफू	
	(आसाम) गोरखपुर (उ0प्र0) बस्ती	
	(उ0प्र0)	1988,1989,1992
	महाराजगंज	1991, 1998, 1999

जीवाणुवत्/वेसिलरी पेचिश	पश्चिमी बंगाल, बस्तर (म0प्रदेश) शिमला, भुवनेश्वर (उडीसा) गोन्डा	1984
पीला ज्वर	नई दिल्ली	1988
पीलिया	सूरत, कोलकाता	1984–85
	जयपुर, हैदराबाद, राजकोट गोन्डा (उ0प्र)	1985
मियादी ज्वर	नई दिल्ली	1988
खसरा	जयपुर, हैदराबाद, राजकोट	1985
	गोन्डा (उ0प्र0) भोपाल, भरूच	1988
मस्तिष्कावरणशोथ	दिल्ली	1986
	जैपोर (उडीसा) सागर (म0प्र0)	1988, 1989
	एवं ज़िला विजियानागरम (आं0प्र0)	1989
	जिला सागर (म0प्र0)	1990, 1991
	जगदलपुर (बस्तर म0प्र0)	1992
हैजा	जैपोर (उडीसा) गोन्डा	1985
	भरूच (गुजरात), कोलकाता दिल्ली	1988
जठरांत्र विकार	त्रिपुरा	1985
	जिला कृष्णा (आं0प्र0)	1990
विषाणु ज्वर	दिल्ली	1988
काला–आजार	वर्धवान एवं हुगली	1988, 1989
	पश्चिमी बंगाल	1990
	मुजफफरपुर	1991, 1992
प्लेग	सूरत (गुजरात)	1994
	बीड, सोलापुर (महाराष्ट्र)	
मलेरिया	जयपुर, बारमेर जिले बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर (राजस्थान)	1994, 199

परिषद् ने नवम्बर, दिसम्बर 1999 में उडीसा के तटीय क्षेत्रों को तबाह करने वाले महाचक्रवात से प्रभावित पुरी ... आसपास के लोगों के लिए होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, पुरी के माध्यम से चिकित्सा सहायता कार्यवाही का संचा... परिषद ने जनवरी, 2001 के अंतिम सप्ताह में गुजरात में अहमदाबाद, सूरत, भरूच में भूकम्प से प्रभावित क्षेत्रों के ... चिकित्सा सहायता प्रदान की।

4. नैदानिक सत्यापन अनुसंधान

नैदानिक सत्यापन, नई प्रमाणित औषधियों की नैदानिक प्रयोजनीयता एवं अपूर्ण आंकड़ो वाली औषधियों (आंशिक प्रमाणित औषधियां) के मूल्यांकन की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया से भविष्य में इस्तेमाल के लिए चिकित्सीय उपयोग के विश्वसनीय लक्षणों की सूचना भी मिलती है। परिषद ने भारतीय मूल की अनेकों औषधियों को प्रमाणित किया है जिन्हें, उनकी विश्वसनीयता का पता लगाने के लिए नैदानिक सत्यापन कार्यक्रम में लिया गया है। इस कार्य में लगे संस्थानों/इकाईयों को नैदानिक परीक्षण के लिए 65 औषधियां नियत की गई है। इन 65 औषधियों में वें औषधियां शामिल की गई हैं जो मुख्यतः स्वदेशी मूल की है अथवा जिनका केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद द्वारा परीक्षण किया गया है। इसमें कुछ कम जानकारी वाली औषधियों को भी शामिल किया गया है।

नैदानिक सत्यापन अनुसंधान से जुड़े संस्थान एवं इकाईयाँ

1. नैदानिक सत्यापन इकाई, गाजियाबाद।
2. नैदानिक सत्यापन इकाई, पटना।
3. नैदानिक सत्यापन इकाई, वृंदावन।
4. नैदानिक अनुसंधान इकाई, जम्मू।
5. होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ।
6. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली।
7. मलेरिया के लिए होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर।

अनुसंधान के लिए निर्दिश्ट औषधियाँ

1. एकालिफा इंडिका'
2. ऐकिरैन्थिस एस्पेरा
3. ईगल फोलिया'
4. ईगल मारमिलोस'
5. एल्स्टोलिया कन्सट्रिक्टा एन्डरसोनिया
6. एमूरा रोहिताका अथवा
7. एमिग्डेलस पर्सिका
8. एन्थरा कोकाली
9. आर्सेनिक सल्फ फ्लेवम
10. अरेनिया डायडिमा'
11. अरेनिया स्कीनैंसिया'
12. एजादिरेक्ता इंडिका'
13. बैसिलाईनम
14. बैरायटा म्यूरियाटिकम
15. बैन्जोएकम एसिडम
16. बैन्जीनम नाईट्रिकम
17. ब्लाटा ओरियन्टेलिस
18. बौरहेविया डिफयूजा'
